**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 19 – 29 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 5:53 | सूर्यास्त: 14:51 |


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वितिया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : कुछ घाव हमारी त्वचा को खोलने के बजाय हमारी आँखें खोलते हैं।



बिहार में राहुल हुए फेल : 51 में प्रचार, जीत सिर्फ 4 सीटों पर पृष्ठ 6

# भारत में चार नए लेबर कोड लागू

## 29 पुराने कानून खत्म, श्रम ढांचा पूरी तरह बदला

### गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा | एक साल में ग्रेच्युटी का हक | न्यूनतम वेतन की गारंटी



**नयी दिल्ली :** श्रम सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने संसद से पांच साल पहले पारित चारों लेबर कोड (श्रम संहिता) को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। इसमें गिग वर्कस समेत श्रमिकों के हितों के लिहाज से यूनिवर्सल सामाजिक तथा स्वास्थ्य सुरक्षा देने, सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से नियुक्ति पत्र देने, सीमित अवधि के लिए कांट्रैक्ट कर्मचारियों को भी स्थाई कर्मचारियों जैसी सुविधा देने जैसे अहम प्रावधान किए गए हैं। इतना ही नहीं अब ग्रेच्यूटी के लिए पांच साल तक की नौकरी की न्यूनतम अनिवार्यता नहीं रहेगी बल्कि एक साल की नौकरी के बाद ही कर्मचारी ग्रेच्यूटी लाभ पाने का हकदार हो जाएगा। ओवर टाइम का भुगतान के नियम समेत श्रमिक तथा कंपनियों दोनों के हित में कई बदलाव हैं लेबर कोड का हिस्सा।

श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया गया है और अब वे देश के कानून हैं। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि श्रम नियमों का आधुनिकीकरण, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा देना और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य की उभरती दुनिया के साथ संरेखित करके, यह ऐतिहासिक कदम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत, लचीले उद्योगों की नींव रखता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को आगे बढ़ाएगा।

**स्वतंत्रता के बाद से चार श्रम संहिताएं सबसे व्यापक, प्रगतिशील सुधार: मोदी**

**भारत के कई श्रम कानून हैं पुराने**

भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक काल (1930–1950 के दशक) में बनाए गए थे, उस समय जब अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से भिन्न थी। इसके अनुसार, अधिकांश बड़े देशों ने पिछले कुछ दशकों में अपने श्रम नियमों को समय के साथ अपडेट किया और उन्हें एकीकृत किया है, लेकिन भारत अब तक 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे, जटिल और कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर काम कर रहा था।

**लेबर कोड से क्या कुछ बदलेगा?**

- सभी वर्कर्स के लिए जरूरी अपॉइंटमेंट लेटर।
- ट्रांसपेरेंसी और फॉर्मलाइजेशन को मजबूत करना।
- यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी कवरेज, जिसमें गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स शामिल हैं, पीएफ, इएसआईसी, इंश्योरेंस और दूसरे फायदे।
- सभी वर्कर्स के लिए मिनिमम वेज का कानूनी अधिकार, जो पहले के लिमिटेड, शेड्यूल्ड-इंडस्ट्री फ्रेमवर्क की जगह लेगा।
- 40 साल से ज्यादा उम्र के वर्कर्स के लिए फ्री सालाना हेल्थ चेक-अप, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को बढ़ावा देना।
- सैलरी का समय पर पेमेंट जरूरी, अपनी मर्ज़ी से या देर से सैलरी देने के तरीकों को खत्म करना।
- महिलाओं को माइनिंग और खतरनाक इंडस्ट्रीज़ सहित सभी सेक्टर्स में सुरक्षा उपायों और सहमति के साथ नाइट शिफ्ट में काम करने की इजाज़त।
- छोटे और खतरनाक जगहों सहित पूरे भारत में इएसआईसी कवरेज।
- सिंगल रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और रिटर्न, जिससे कम्प्लायंस का बोझ तेज़ी से कम होगा।

**लागू किए गए चार कोड**

- वेज कोड, 2019 (वेतन संहिता)
- इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 (औद्योगिक संबंध संहिता)
- सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 (सामाजिक सुरक्षा संहिता)
- ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 (व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता)

**इन सुविधाओं का मिलेगा लाभ**

नए लेबर कोड में फिक्स्ड-टर्म कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के बराबर वेतन, छुट्टी, चिकित्सा और सामाजिक सुरक्षा के साथ पांच साल की बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी का हकदार बनाया गया है। 'गिग वर्क', 'प्लेटफार्म वर्क' और 'एग्रीगेटर्स को पहली बार लेबर कोड में परिभाषित करते हुए सभी गिग वर्कस को सामाजिक सुरक्षा देने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए एग्रीगेटर्स को वार्षिक टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत योगदान करना होगा। गिग वर्कस का आधार-यूनिवर्सल अकाउंट नंबर पोर्टेबल होगा और वे चाहे जिस राज्य में जाकर काम करें खाता यही रहेगा।महिलाओं कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में नाइट शिफ्ट में काम की छूट ही नहीं समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया गया है और परिवार परिभाषा में उन्हें अपने सास-ससुर को जोड़ने का प्रावधान भी है।

**ओवरटाइम के घंटों का दोगुना वेतन**

सभी कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, शोषण पर रोक के लिए छुट्टी के दौरान मजदूरी देना अनिवार्य किया गया है। काम के घंटे हर दिन 8-12 घंटे और हर हफ्ते 48 घंटे तय किए गए हैं पर ओवरटाइम के घंटों के लिए दोगुना वेतन देना होगा। बीड़ी और सिगार श्रमिकों के लिए साल में 30 दिन काम करने के बाद ही बोनस के लिए पात्र किया गया है।

**वस्त्र उद्योग, आईटी और आईटीईएस कर्मचारी भी दायरे में**

वस्त्र उद्योग, आईटी और आईटीईएस कर्मचारी, बंदरगाहों और निर्यात क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक भी इसके दायरे में लाए गए हैं। इन्हें हर महीने की सात तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से करना होगा। अब साल में 180 दिन काम करने के बाद ही कर्मचारी सालाना छुट्टी लेने का हकदार होगा।

इंस्पेक्टर-कम-फैसिलिटेटर सिस्टम, शिफ्टिंग प्रणाली को लागू करने में सजा देने वाली कार्रवाई के बजाय मार्गनिर्देश, जागरुकता और अनुपालन संबंधी समर्थन पर जोर देना। लेबर कोड में विवाद के शीघ्र समाधान पर जोर है जिसमें दो सदस्यों वाले इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल होंगे और सुलह के बाद सीधे ट्रिब्यूनल में जाने का विकल्प होगा।

# झारखंड, पश्चिम बंगाल में कोयला माफिया के खिलाफ ईडी के छापे

## 10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, सोना जब्त



**रांची/कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कोयला माफिया के खिलाफ धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के तहत शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जिसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी एवं सोना जब्त किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे शुरू की गई छापेमारी के दौरान 40 से अधिक परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें संघीय जांच एजेंसी के लगभग 100 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल में आठ करोड़ रुपये की नकदी और सोना जब्त किया गया, जबकि झारखंड में लगभग 2.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि झारखंड में तलाशी के दौरान जमीन से जुड़े लगभग 120 दस्तावेज भी जब्त किए गए। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय सुरक्षा बलों के दलों ने ईडी की विभिन्न टीम को सुरक्षा प्रदान की, जिन्होंने टोल संग्रह बूथ और जांच चौकियों के अलावा आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यह छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में कोयले की चोरी और तस्करी से संबंधित मामले की जांच के तहत लगभग 18 जगहों पर तलाशी ली गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने अनिल गोयल, संजय उद्योग, एल बी सिंह और अमर मंडल के नाम वाली संस्थाओं के ठिकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस मामले में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी और तस्करी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कोयले के कथित अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के तहत दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में लगभग 24 परिसरों की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली जा रही है, उनमें नरेन्द्र खड़का, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कायल, चिन्मयी मंडल, राजकिशोर यादव और अन्य शामिल हैं।

# दुबई एयरशो के दौरान भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



**दुबई/नयी दिल्ली :** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का एक लड़ाकू विमान तेजस शुक्रवार को दुबई एयरशो के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। आईएएफ ने यह जानकारी दी। पिछले दो वर्षों में स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान से जुड़ी यह दूसरी दुर्घटना है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पायलट की पहचान विंग कमांडर नमांश स्याल के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 35 वर्ष के आसपास थी और वह हिमाचल प्रदेश के निवासी थे। दुर्घटना के वीडियो फुटेज में विमान को अचानक ऊंचाई से गिरते और फिर आग के एक गोले में बदलते देखा जा सकता है। दुबई वर्ल्ड सेंट्रल स्थित अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के ऊपर काला धुआं छा गया, तथा भयभीत दर्शक बड़ी संख्या में बाड़बंद हवाई पट्टी के पीछे एक विशाल स्टैंड क्षेत्र में एकत्र हो गए। शुक्रवार को एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान उड़ान भरते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, ''आईएएफ को इस हादसे में हुए जानमाल के नुकसान पर बहुत दुख है और वह दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का गठन किया जा रहा है।''

## राइसिन आतंकी साजिश: एटीएस को मिली सामग्री में डिजिटल साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, काला झंडा शामिल

**अहमदाबाद :** रासायनिक जहर के रूप में राइसिन के इस्तेमाल से जुड़ी कथित आतंकी साजिश की जांच कर रहे गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक आरोपी और उसके आका के बीच सोशल मीडिया मंच पर हुई बातचीत से पहचान कैसे छिपाए रखें शीर्षक वाला डिजिटल साहित्य बरामद किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जांच एजेंसी को एक वीडियो फुटेज भी मिला है, जिसमें संबंधित आरोपी अहमदाबाद के एक होटल से बाहर निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, एक अन्य आरोपी के उत्तर प्रदेश स्थित आवास से एक काला झंडा बरामद किया गया है। गुजरात एटीएस ने हथियारों और रसायनों के जरिये एक बड़े आतंकवादी हमले की साजिश रचने में संलिप्तता के आरोप में डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद, आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल खान को नौ नवंबर को गिरफ्तार किया था।


**RED-X**

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


# बिहार मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा, भाजपा के सम्राट चौधरी को मिला गृह विभाग



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा किया, जिसके तहत उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग का कार्यभार सौंपा गया है। बिहार में पहली बार भाजपा के किसी नेता को गृह विभाग दिया गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार कुमार ने सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी), कैबिनेट सचिवालय, निगरानी और चुनाव विभाग अपने पास रखे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद बृहस्पतिवार को पटना के गांधी मैदान में कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके अलावा 26 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। कुमार के मुख्यमंत्री रहते हुए यह पहला अवसर है जब उनके पास गृह विभाग नहीं होगा। इससे पहले उनके सभी कार्यकाल में यह विभाग उनके पास ही रहा है। भाजपा और कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) समेत विभिन्न दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में गृह विभाग को लेकर खींचातान चल रही थी। अब उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्य की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। कैबिनेट विभाग की अधिसूचना के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भूमि एवं राजस्व विभाग और खान एवं भू-तत्व विभाग दिए गए हैं। मंगल पांडे को स्वास्थ्य विभाग और विधि, दिलीप जायसवाल को उद्योग विभाग, नितिन नवीन को पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास विभाग सौंपा गया है। इसके अलावा, रामकृपाल यादव को कृषि विभाग, संजय टाइगर को श्रम संसाधन विभाग, अरुण शंकर प्रसाद को पर्यटन विभाग तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। शेष पृष्ठ 7 पर

## आज की नयी दुनिया को नए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आवश्यकता है: राजनाथ सिंह

**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल-हमास और यूक्रेन-रूस जैसे वैश्विक संघर्षों और सूडान में जारी मानवीय संकट को हल करने में संयुक्त राष्ट्र काफी मजबूत भूमिका निभा सकता था। उन्होंने कहा कि आज की नयी दुनिया को एक नए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आवश्यकता है। सिंह अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में सिटी मोंस्टोरी स्कूल की ओर से आयोजित विश्व के प्रधान न्यायधीशों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी हैं, जिनमें इजराइल-हमास संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध और सूडान समेत अफ्रीका के कई क्षेत्रों में जारी मानवीय संकट शामिल है। सिंह ने कहा, इन सब के बीच, हमें संयुक्त राष्ट्र से एक बहुत मजबूत भूमिका की उम्मीद थी। लेकिन हम ऐसा होता नहीं देख रहे हैं। ऐसा होता दिखना चाहिए था। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक राजनीति की जटिलताओं, प्रमुख शक्तियों के प्रभाव और संस्थागत प्रक्रियाओं की धीमी गति के कारण ऐसा हो रहा है। उन्होंने कहा, इन कारकों ने अक्सर संयुक्त राष्ट्र की शक्तियों पर सवाल उठाए हैं। सिंह ने कहा, यह स्थिति तभी बदल सकती है जब हम संयुक्त राष्ट्र को पुन: उसके मूल उद्देश्य – शांति, न्याय व समान प्रतिनिधित्व – की ओर ले जाएं, जिसकी कल्पना इसकी स्थापना के समय की गई थी। उन्होंने कहा, मुझे दृढ़ विश्वास है कि आज की नयी दुनिया को एक नए संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है।

## कोलकाता में भूकंप के तेज झटके, घर छोड़कर भागे लोग

**कोलकाता :** बंगाल में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को दहला दिया। कोलकाता समेत प्रदेश के कई जिलों में हिलती हुई जमीन को महसूस किया गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह बांग्लादेश में टुंगी से करीब 27 किलोमीटर पूर्व भूकंप आया, जिसके कंपन बंगाल तक महसूस किए गए। स्थानीय समयानुसार झटके सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर दर्ज किए गए। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक भूकंप के बाद कई क्षेत्रों से हल्के झटकों की सूचनाएं भी सामने आई हैं। बंगाल के मालदा, नादिया, कूचबिहार, दक्षिण दिनाजपुर और हुगली सहित कई जिलों में भी कंपन दर्ज किए गए। झटके सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं रहे, बल्कि त्रिपुरा के कई हिस्सों में भी भूकंप महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आए भूकंप के बाद यह कंपन पूर्वोत्तर और कोलकाता तक पहुंचे।

## रुपया 93 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 93 पैसे की बड़ी गिरावट आई और यह 89 के स्तर को पार कर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले तीन महीने में रुपये में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। व्यापार-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच घरेलू और वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट आई है।

# प्रधानमंत्री मोदी जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहानिसबर्ग पहुंचे



**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को जोहानिसबर्ग पहुंचे। उन्होंने शिखर सम्मेलन से इतर विश्व नेताओं के साथ मुलाकात में प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा होने की उम्मीद जताई। मोदी गौतेंग स्थित वाटरलूफ वायुसैनिक अड्डे (एएफबी) पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दक्षिण अफ्रीकी वायु सेना की ओर से उन्हें रेड कार्पेट पर सलामी दी गई। हवाई अड्डे पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति भवन में मंत्री खुम्बुद्जो एनत्शावेनी ने मोदी की अगवानी की। एक सांस्कृतिक दल ने उनके स्वागत में पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़े कार्यक्रमों के लिए जोहानिसबर्ग पहुंच गया हूं। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विश्व नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा की आशा करता हूं। हमारा ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर होगा।

# भारत से हर 'घुसपैठिये' को बाहर निकाला जाएगा: शाह

- एसआईआर को लेकर तृणमूल पर किया कटाक्ष
- बिहार के बाद राजग पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी सरकार बनाएगा



**भुज (गुजरात) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश से हर ''घुसपैठिये'' को बाहर निकाल देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं क्योंकि वे चाहते हैं कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें। वह गुजरात के कच्छ जिले के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हीरक जयंती (61वें स्थापना दिवस) समारोह को संबोधित कर रहे थे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह की टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को कड़े शब्दों में पत्र लिखे जाने के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने (बनर्जी ने) इस प्रक्रिया को तुरंत रोकने का अनुरोध किया था। शाह ने कहा, ''आज बीएसएफ देश की सभी सीमाओं पर घुसपैठ रोकने में लगा हुआ है। घुसपैठ रोकना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दूषित होने से बचाने के लिए भी आवश्यक है।'' एसआईआर को मतदाता सूची का शुद्धिकरण बताते हुए शाह ने कुछ राजनीतिक दलों पर अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सरकार के अभियान को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर का विरोध कर रही हैं, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें।




## नीतीश को सतर्क रखेंगी गठबंधनी महत्वाकांक्षाएं

आखिरकार सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए। जदयू सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सत्ता का एक नया कार्यकाल शुरू कर दिया। यद्यपि हालिया चुनाव में भाजपा ने जदयू से ज्यादा सीटें हासिल करके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उपस्थिति दर्ज करायी है, लेकिन इसके बावजूद चार कम सीट जीतने वाले जदयू के 74 वर्षीय दिग्गज को मुख्यमंत्री बने रहने देना ही बेहतर समझा है। वहीं सहयोगी दल भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के उपमुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। निस्संदेह, नीतीश का पिछला कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने पहले भाजपा के साथ सरकार बनायी और मनभेद के चलते महागठबंधन में शामिल हुए। फिर पलटी लेकर भाजपा के साथ सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद बिहार की जनता ने उनकी इस उलट-पलट को माफ ही कर दिया। संभवत: उनकी इस अपील पर वोट दिया कि यह उनकी आखिरी पारी है। जनता ने उनके नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के स्थायित्व पर भरोसा जताया। शायद बिहार की जनता जंगल राज के दु:स्वप्न को नहीं भूली है। एक बात तो तय है कि राज्य की जनता ने तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद बिहार के भविष्य के लिये उन्हें बेहतर माना है। यही वजह है कि रिकॉर्ड दसवीं बार शपथ लेने वाले नीतीश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सुशासन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक अनुभवी प्रशासक बताया है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि भाजपा कब तक छोटे भाई की भूमिका में रहेगी? विपक्ष को संदेह है कि नीतीश शायद ही अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्हें आशंका है कि भाजपा किसी न किसी स्तर पर बिहार में पार्टी का मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी। राजनीतिक विश्लेषक महाराष्ट्र का उदाहरण देते हैं, जहां भाजपा ने पहले शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया और बाद में उन्हें हटाकर देवेंद्र फड़नवीस को कुर्सी पर बैठा दिया।

वहीं कुछ राजनीतिक पंडितों का तर्क है कि भाजपा के पास केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं है, इसलिए एनडीए सरकार को सहारा देने के लिये भाजपा को नीतीश के समर्थन की जरूरत बनी रहेगी। इस बात से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि जदयू अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिये बेहतर स्थिति में है। बहरहाल, नीतीश की तात्कालिक प्राथमिकताएं बेरोजगारी दूर करने और पलायन पर अंकुश लगाने की होनी चाहिए। हकीकत यह है कि राज्य में रोजगार संकट के चलते बिहार के तीन घरों में से दो का एक सदस्य दूसरे राज्य में काम करने को मजबूर है। साथ ही नीतीश को सरकार बनाने में भरपूर समर्थन देने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रमुख चुनावी वायदे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। इसके अलावा उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जदयू मजबूत और अक्षुण्ण बना रहे। यह अवश्यंभावी है कि भाजपा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी उन्हें सतर्क बनाए रखेगी। भाजपा के मन में यह कसक जरूर रहेगी कि सबसे बड़े दल के रूप में उदय होने पर भी पार्टी बिहार में अब तक अपनी सरकार नहीं बना पायी है। ऐसे में नीतीश को बाहरी विपक्षी से तो नहीं, गठबंधन के दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से जूझना पड़ेगा। वहीं प्रचंड बहुमत देने पर जनता की उम्मीदें भी उफान पर रहेंगी। राजग द्वारा चुनाव के दौरान तमाम वायदे किए गए थे, लेकिन राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर इन सब वायदों को पूरा करना आसान न होगा। वहीं दूसरी ओर नीतीश के सामने उनकी सेहत और बढ़ती उम्र को लेकर भी चुनौती पैदा हो सकती है। जिसको लेकर विपक्ष पूरे चुनाव अभियान के दौरान लगातार हमलावर बना रहा है। साथ ही बिहार की डेढ़ करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये लगातार दे पाना भी परेशानी का सबब बन सकता है। वहीं गठबंधन सरकार के लिए चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन द्वारा किए गए मुफ्त अनाज, मुफ्त बिजली,मुफ्त इलाज,सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने तथा पचास लाख पक्के मकान के वायदे को हकीकत में बदलने को वित्तीय संसाधन जुटाना भी एक बड़ी चुनौती साबित होगी।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता



ललित गर्ग



हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाज़ार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है।

आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को फैशनेबल बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक ज़हर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है। जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी लक्ज़री उत्पाद की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने।

यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें।

आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है। नशे में धुत्त पुरुष अक्सर पारिवारिक तनाव, गुस्से और असंतुलन के कारण महिलाओं पर अत्याचार कर बैठते हैं, जिससे न केवल उनका आत्मसम्मान टूटता है बल्कि पूरा परिवार भय, असुरक्षा और अपमान के वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं।

चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों-शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है। शराब को सामाजिकता का हिस्सा और आधुनिकता का प्रतीक बताकर जिस तरह से उसकी पैठ बढ़ाई जा रही है, वह एक खतरनाक सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। परिवारों में युवा पीढ़ी अपने बड़ों को शराब का उपभोग करते हुए देखकर इसे सामान्य मानने लगी है, जिससे किशोर अवस्था में ही शराब सेवन की शुरुआत हो जाती है। स्कूल-कॉलेज के छात्र फैशन, दबाव, दोस्तों की नकल और विज्ञापन जैसी पैकेजिंग के प्रभाव में आकर शराब की लत में डूब रहे हैं। यह पीढ़ी मानसिक एवं शारीरिक दोनों स्तर पर कमजोर होती जा रही है। शराब न केवल उनकी पढ़ाई, कैरियर एवं सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि भविष्य के परिवार एवं समाज की नींव तक को हिला देती है। इन बढ़ती चिन्ताओं का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्संयम और परिवारों में जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है।

समाज तभी सुरक्षित हो सकता है जब हम शराब को आकर्षण का नहीं, विनाश का प्रतीक मानें। उसकी पैकेजिंग में चमक-दमक नहीं, चेतावनी झलके। उसका सेवन आधुनिकता नहीं, दुर्बलता समझा जाए। यह चेतना तभी बढ़ेगी जब कानून भी कठोर होंगे और समाज भी सजग। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी इसी दिशा में एक गंभीर कदम है, अब सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि इसे वास्तविक सुधार में बदला जाए।

## विदेश की खबरें

# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत: सीओपी में भारत

**बेलेम (ब्राजील) :** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है। उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को




अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2035 तक सालाना 310-365 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत होगी, जबकि अभी केवल 26 अरब अमेरिकी डॉलर मिल रहे हैं।'' यादव ने चिंता जताई कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो सार्वजनिक अनुकूलन वित्त को 2019 के स्तर से दोगुना करके 2025 तक लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर करने का 'ग्लासगो जलवायु समझौते' का लक्ष्य शायद पूरा नहीं हो पाएगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा, ''बाकू से बेलेम रोडमैप में बताए गए 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक जलवायु वित्त को बढ़ाने के लिए दुनिया भर को मिलकर कोशिश करनी होगी।''

## अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री में शामिल भारतीय संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने भारत की उन संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाए हैं जो ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री में शामिल हैं। प्रशासन ने कहा कि इस व्यापार से मिलने वाली धनराशि तेहरान के क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों को समर्थन देने और हथियार प्रणालियां खरीदने में उपयोग की जाती है, जो ''अमेरिका के लिए सीधा खतरा'' हैं। अमेरिका के विदेश और वित्त मंत्रालयों ने उन 'शिपिंग नेटवर्क' पर प्रतिबंध लगाए हैं जो ईरानी शासन की ''दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों'' को अवैध तेल बिक्री के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही उन एयरलाइंस और उनसे जुड़ी कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं, जो ईरान समर्थित आतंकी संगठनों को हथियार और आपूर्ति भेजती हैं। इस प्रतिबंध सूची में जिन भारतीय नागरिकों और कंपनियों को शामिल किया गया है उनमें जैर हुसैन इकबाल हुसैन सैय्यद, जुल्फिकार हुसैन रिजवी सैय्यद, महाराष्ट्र स्थित 'आरएन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड' और पुणे स्थित 'टीआर6 पेट्रो इंडिया एलएलपी' शामिल हैं।

## विवादों में रहीं मेक्सिको की फातिमा बॉश के सिर सजा मिस यूनिवर्स का ताज




**बैंकॉक :** मेक्सिको की 25 वर्षीय फातिमा बॉश फर्नांडीज ने शुक्रवार को मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया। यह जीत उनके लिए नाटकीय रही, जो बैंकॉक में आयोजित इस लोकप्रिय सौंदर्य प्रतियोगिता के उतार-चढ़ाव वाले 74वें संस्करण के दौरान एक मेजबान द्वारा सार्वजनिक रूप से की गयी बदसलूकी का उनके डटकर सामना करने के कारण चर्चा में रहीं। इस प्रतियोगिता की उप विजेता थाईलैंड की 29 वर्षीय प्रवीनर सिंह रहीं जबकि तीसरा स्थान वेनेजुएला की 25 वर्षीय स्टेफनी एड्रिआना अबासाली नासिर ने हासिल किया। इस वर्ष की प्रतियोगिता का माहौल एक विवाद के कारण बिगड़ गया था, जिसकी शुरुआत मेक्सिको की प्रतिभागी बॉश को फटकारने से हुई। इस घटना ने बहिष्कार, नारीवादी एकजुटता और स्थानीय आयोजक की भावुक माफी जैसे नाटकीय मोड़ लिए। चार नवंबर को प्रतियोगिता के एक सत्र के दौरान थाईलैंड के राष्ट्रीय निदेशक नवात इट्साराग्रिसिल ने बॉश पर स्थानीय प्रचार गतिविधियों में भागीदारी के दिशा-निर्देशों का पालन न करने का आरोप लगाया और उन्हें फटकार लगायी। जब बॉश ने अपना पक्ष रखने की कोशिश की तो उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को बुला लिया। बॉश कमरे से बाहर चली गईं और उनके समर्थन में कई अन्य प्रतिभागी भी कमरे से बाहर निकल गयीं, जिनमें मिस यूनिवर्स 2024 डेनमार्क की विक्टोरिया कायर थेलविग भी शामिल थीं।

## नेपाल: आम चुनावों के दौरान सेना की तैनाती की सिफारिश

**काठमांडू :** नेपाल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) ने देश में अगले साल पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना की तैनाती की सिफारिश की है। एनएससी ने बृहस्पतिवार को नेपाल की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और कैबिनेट को देश के संविधान के प्रावधानों के तहत चुनावों के दौरान सेना की तैनाती की सलाह दी। रक्षा सचिव सुमन राज अर्याल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ये सिफारिशें आगामी चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से आयोजित करने के उद्देश्य से की गई हैं।

## बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह लोगों की मौत

**ढाका :** बांग्लादेश में शुक्रवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के झटके राजधानी ढाका और कुछ अन्य हिस्सों में महसूस किए गए तथा इस दौरान कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और कुछ जगहों पर आग लग गई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि ढाका में तीन लोगों, जबकि नारायणगंज में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। वहीं, दो अन्य मौतें नरसिंगडी में हुईं, जहां भूकंप का केंद्र सतह से लगभग 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। स्थानीय मीडिया ने भूकंप के कारण देशभर में कम से कम 50 लोगों के घायल होने की खबर दी है। बांग्लादेश के मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10 बजकर 38 मिनट पर आया और इसका केंद्र ढाका के उत्तर-पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित नरसिंगडी में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। यह स्थान ढाका के अगरगांव क्षेत्र में भूकंपीय केंद्र से लगभग 13 किलोमीटर पूर्व में है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 नवम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वितिया, 17:10 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 16:38 तक, योग : सुकर्माण, 11:26 तक, सूर्योदय: 05:53, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 07:35, चन्द्रास्त: 18:14, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 08:40 से 10:01

## राशिफल

**मेष :** आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। व्यवसाय में आपको लाभ मिलेगा। आप अपनी सेहत को लेकर सजग रहें। आप किसी अजनबी की बातों पर भरोसा न करें।

**वृष :** आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। धन व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। संतान की नौकरी को लेकर कोई समस्या थी, तो उसके भी दूर होने की संभावना है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी काम को भाग्य के भरोसे छोड़ेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कर्क :** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको धन लाभ मिलने से खुशी होगी और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। परिवार में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा, लेकिन आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें और बेवजह छोटी-छोटी बातों को लेकर क्रोध न करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। संतान के प्रति आप अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह निभाएंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायी रहने वाला है, लेकिन फिर भी आप अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचान कर ही आगे बढ़े।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कुम्भ :** आपको अपने विरोधियों को पहचान कर चलना होगा और अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलें, जिससे आपके फिजूल के खर्चे कंट्रोल हो सके।

**मीन :** किसी से किसी बात को लेकर बहस बाजी न करें। आपके किसी रुके हुए काम के पूरा होने से आपके मन में खुशियां बढ़ेंगी। आप कुछ नया करने की सोचेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3271



*ऊपर से नीचे:-* 1) रानी, 2) कोमल, 3) वैभवशाली, 4) पदतल, 5) फूल, 8) लड़ना, 9) अनुचित; अवैध; 11) चक्का जाम, 13) एक संख्या, 15) अंदर का, 18) बकवास, 20) क्रांतिकारी; विद्रोही, 21) हाथ पसारना, 22) पेशगी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) बेक़सूर, 3) दलाली, 6) नक़ली, 7) नखरे तथा गर्वपूर्वक इतराना, 10) एक राजा जिसने शक संवत् चलाया था, 12) सूर्योदय देश, 13) पराभव, 14) आसानी, 16) छोला, 17) मुँह में ऊपर-नीचे की वे हड्डियाँ जिसमें दाँत होते हैं, 19) माँग ; लालसा, 22) मुक्त, 23) उपद्रवी; मूर्ख, 24) नियुक्त करना *(नौकर)*, 25) एक फल.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ख़ा | बि | र | ■ | ■ | फ | टी | च | र |
| ■ | ब | ■ | च | ट | प | टा | ■ | य | ■ |
| स | र | क | ना | ■ | नी | ■ | ऐ | न | क |
| सु | ■ | बा | ■ | ए | ला | न | ■ | ■ | रु |
| र | ब | ड़ी | ■ | क | ■ | ह | रि | या | णा |
| ■ | ग | ■ | प | ता | व | र | ■ | मि | ■ |
| क | ला | कं | द | ■ | रा | ■ | प | नी | र |
| ठो | ■ | ड | ■ | रा | ह | गी | र | ■ | क्ष |
| र | स | म | ला | ई | ■ | ला | ■ | शो | क |

## सुडोकू-पहेली-3229

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 2 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| | | | | 6 | | 8 | | 7 |
| | 6 | | | | | 2 | 5 | |
| 5 | | | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 1 | |
| | | 5 | 3 | | 6 | 4 | 2 | |
| 8 | | 4 | 2 | | | | | |
| 6 | | | 1 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की, पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सुडोकू पहेली - 3228 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 |



# चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू की, ईवीएम की एफएलसी पर हुआ कार्यशाला

### ईवीएम में अब दिखेगी उम्मीदवार की तस्वीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच चुनाव आयोग ने राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की शुरुआत कर दी है। आयोग ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वी-वीपीएटी की जांच तथा मतदान अभ्यास कार्यक्रम तय किया। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) टीम के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें एसआईआर की स्थिति, ईवीएम और वीवीपीएटी की उपलब्धता और अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य चुनाव आयुक्त के पास सभी मशीनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। चुनाव आयोग ने नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की तस्वीर और जानकारी ईवीएम पर दिखाई जाएगी। उम्मीदवार की छवि मतदान बटन के पास रखी जाएगी और प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान भी इसका परीक्षण किया जाएगा।



❑ **मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी**

2026 विधानसभा चुनाव में राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या लगभग 15 हजार बढ़कर करीब 95 हजार हो जाएगी। 2021 में यह संख्या 80,681 थी। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त ईवीएम और वीवीपीएटी उपलब्ध हों। वर्तमान में राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय में 1.30 लाख ईवीएम (बैलट और कंट्रोल यूनिट सहित) और 1.35 लाख वी-वीपीएटी मशीनें मौजूद हैं।

## ईवीएम और वीवीपैट जांच के दौरान दलों के प्रतिनिधियों को बुलाएगा चुनाव आयोग

आगामी 2026 में विधानसभा चुनावों से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और वीवीपैट इकाइयों की जांच के दौरान पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का आमंत्रण देने का फैसला चुनाव आयोग ने किया है। यह प्रक्रिया जनवरी से शुरू होगी। आयोग के अनुसार इस कदम का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता को मजबूत करना है।

**एसआईआर : गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का आंकड़ा 26 प्रतिशत के करीब**

राज्य में चुनाव आयोग की मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और अब तक करीब 26 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। यह जानकारी राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार शाम 6 बजे तक कुल 1.95 करोड़ प्रपत्र सिस्टम में अपलोड किए जा चुके थे, जो राज्यभर में वितरित 7 करोड़ 64 लाख 11 हजार 983 प्रपत्रों का 25.5 प्रतिशत है।

## ड्यूटी के दौरान दो बीएलओ की मौत, नवान्न परिवारों को देगा आर्थिक मदद

### सेरेब्रल पीड़ित कर्मचारी के लिए भी मदद की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव ड्यूटी करते हुए जान गंवाने वाले दो बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के परिवारों को राज्य सरकार 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा, कोन्नगर में ड्यूटी के दौरान बीमार पड़ने और दिमागी दौरा पड़ने वाले एक कर्मचारी को भी 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। राज्य प्रशासन के मुताबिक, फील्ड लेवल पर सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा और हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है, और यह मदद देने का फैसला वहीं से लिया गया है। सूत्रों का दावा है कि दोनों मृतक बीएलओ पिछले कुछ दिनों से अपनी शारीरिक बीमारी के बावजूद अपनी ड्यूटी कर रहे थे। साथ ही, आधे-अधूरे काम का अतिरिक्त दबाव भी उन पर था। ऐसे में, अपनी ड्यूटी करते हुए दोनों कर्मचारी बीमार पड़ गए। बाद में, अस्पताल में उनकी मौत हो गई। प्रशासन का माननाहै कि सरकारी मदद से परिवारों के दुख और अनिश्चितता के बीच कम से कम शुरुआती उम्मीद तो मिलेगी।

### एसआईआर के विरोध में ममता मंगलवार को मतुआगढ़ में करेंगी रैली व सभा

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर के विरोध में एक बार फिर सड़क पर उतरेंगी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी। मंगलवार यानी 25 नवम्बर को उत्तर 24 परगना के मतुआगढ़ में वह एक बड़ी रैली निकालेंगी। रैली चांदपाड़ा से ठाकुरनगर तक जाएगी, जिसके बाद बनगांव के त्रिकोण पार्क में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री मंगलवार को बाबूघाट से मतुआगढ़ पहुंचेंगी। वह चांदपाड़ा से ठाकुरनगर तक रैली निकालेंगी और फिर बनगांव के त्रिकोण पार्क में सभा करेंगी।

### बैंक फ्रॉड मामले में सीबीआई ने कोलकाता और हावड़ा में की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंक फ्रॉड केस में सीबीआई ने महानगर के लेकटाउन और हावड़ा जिले में शुक्रवार को छापेमारी की। सीबीआई की स्पेशल टीम ने बैंक फ्रॉड केस की जांच में लेकटाउन के ब्लॉक ए में छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक, एक बिजनेसमैन के घर पर छापेमारी की गई। वहीं, हावड़ा में एक और स्थान पर तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि, यह खुलासा नहीं किया गया है कि इस तलाशी अभियान के दौरान नकदी, सोने जब्त की गई है या नहीं? जांच अधिकारी केंद्रीय बल के जवानों के साथ सुबह 7 बजे ही पहुंच गई थी। तलाशी के दौरान, घर के अंदर अलग-अलग कमरों के आसपास एक-एक टीम तैनात की गई है।

### महेशतला में फॉर्म संग्रह करने गए बीएलओ पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची के विशेष संशोधन (एसआईआर) फॉर्म एकत्र करने के दौरान महेशतला के 31 नंबर वार्ड में एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर हमला किया गया। हमले में बीएलओ के सीने और पसलियों में चोट आई, जिसके बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाकर इलाज कराया गया। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी संबंधित आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## एसआईआर की समीक्षा को लेकर अभिषेक बनर्जी सोमवार को करेंगे अहम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत से पहले तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने जहां एक बार वर्चुअल बैठक कर अपने नेताओं को दिशा-निर्देश दिए थे, वहीं अब करीब 20 दिन बाद सोमवार को वे एसआईआर की प्रगति पर व्यापक समीक्षा करने जा रहे हैं। बैठक शाम 4 बजे वर्चुअल माध्यम से होगी और इसमें पार्टी के 10 हजार से अधिक नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, परामर्शदाता एजेंसी और संगठन द्वारा तैयार रिपोर्टों के आधार पर अभिषेक के सामने जो स्थिति उभरी है, उसमें अधिकांश जिलों में अच्छी प्रगति दिखाई दे रही है, जबकि कुछ जिलों और कुछ विशेष ब्लॉकों में नेतृत्व का उत्साह कम नजर आया है। बताया जा रहा है कि इन जिलों के पदाधिकारियों को अभिषेक सख्त चेतावनी दे सकते हैं



और जवाबदेही तय करने में कोई हिचक नहीं दिखाएंगे। सोमवार की बैठक में अभिषेक दूसरे चरण के कार्यों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेंगे। तृणमूल के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि यदि वैध मतदाताओं के नाम सूची से छूट गए हों तो दूसरे चरण में उन्हें जोड़ना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होगा। इसके लिए दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी और अभिषेक चाहते हैं कि इसके लिए एसआईआर के तहत बनाए गए वाररूम का अधिक उपयोग किया जाए। मतुआ बहुल राणाघाट और बनगांव सीटों के तहत विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की रणनीति को लेकर भी अभिषेक विशेष मार्गदर्शन दे सकते हैं।

## तृणमूल ने एसआईआर पर टिप्पणी को लेकर शाह की आलोचना की, उन्हें 'अक्षम गृह मंत्री' करार दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर राज्य को निशाना बनाने के लिए 'घुसपैठिया संबंधी बयानबाजी' करने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विफल रहा है। पार्टी ने शाह के इस्तीफे की मांग की। वरिष्ठ मंत्री शशि पांजा ने कहा कि शाह गुजरात गए और घुसपैठियों, लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में बात की, लेकिन वास्तविकता यह है कि पूरे देश में असुरक्षा की गहरी भावना है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा कश्मीर में पर्यटकों की हत्या और दिल्ली में विस्फोट से पता चलता है कि गृह मंत्री की नेतृत्व में सुरक्षा ढांचा चरमरा रहा है। तृणमूल नेता ने कहा कि अगर सीमाएं सचमुच सुरक्षित



होतीं तो ये घटनाएं नहीं होतीं। पांजा ने शाह पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और बंगाल पर उंगली उठाकर विफलताओं से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में चूक होती है, तो भाजपा अपनी पुरानी पटकथा पढ़ती है और बंगाल को दोष देती है। मंत्री ने कहा कि बंगाल में एसआईआर एक दंडात्मक अभ्यास में बदल गया है। उन्होंने कहा कि पिछली बार 2002 में हुए एसआईआर में दो साल लगे थे। अब बंगाल को इसे दो महीने में पूरा करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1216-2025-26-आर1, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** "नारकेलडांगा कारशेड में ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,46,773/-, **बयाना राशि:** रु. 10,900/- **समापन अवधि:** 08 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.00 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1274-2025-26, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** 03 (तीन) वर्षों के लिए आरएमपीयू एसजी एसी कोचों में प्रदान किए गए मेसर्स सीमेंस प्रस्तुतकारक 25 केवीए इन्वर्टरों का व्यापक वार्षिक प्रिवेंटिव और ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 1,20,44,988/- **बयाना राशि:** रु. 2,10,200/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.00 बजे। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1275-2025-26, दिनांक: 19.11.2025, कार्य का विवरण:** बारिश के पानी को बिजली में जाने से रोकने के लिए एलएचबी कोचों के स्विच बोर्ड कैबिनेट (एसबीसी) के ऊपर एसएस प्लेट ड्रेन ट्रे की व्यवस्था, (फेज-II)। **निविदा मूल्य:** रु. 21,42,880/-, **बयाना राशि:** रु. 42,900/- **समापन अवधि:** 04 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 14.15 बजे। **बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** 26.11.2025 (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-268/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मुख्य सचिव के फोन पर चुनाव अधिकारियों से बात कर रही हैं ममता : शुभेंदु अधिकारी

### भाजपा नेता ने आयोग में राज्य सरकार के खिलाफ दर्ज कराए कई आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरुण प्रसाद से लगभग प्रतिदिन बातचीत कर रही हैं और इसके लिए वह राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के फोन का इस्तेमाल कर रही हैं। शुभेंदु अधिकारी का दावा है कि उन्होंने इन आरोपों के संबंध में कई सबूत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल को सौंपे हैं। शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने न्यू टाउन में ईवीएम की 'फर्स्ट लेवल चेकिंग' (एफएलसी) पर आयोजित एक कार्यशाला में भी हिस्सा लिया, जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के लगभग सभी शीर्ष



अधिकारी मौजूद थे। इसी दौरान, शुभेंदु ने आयोग के सामने अपने आरोप दर्ज कराए। बैठक में शुभेंदु ने जनसंख्या संरचना में बदलाव और कथित अनियमितताओं को लेकर भी आयोग को जानकारी दी। उनका आरोप है कि प्रशासन का एक हिस्सा अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची में बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आयोग से हिंदू शरणार्थियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने और अवैध प्रवासियों के नाम हटाने की मांग की। इन आरोपों के बाद, शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अक्सर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरुण प्रसाद से बात करती हैं और मुख्य सचिव का फोन इसके लिए इस्तेमाल होता है। उनका यह भी कहना है कि जिस दिन भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की थी, उसी दिन अरुण प्रसाद ने मुख्यमंत्री से लगभग 20 मिनट तक बातचीत की।

**Name Change**

I, Amit Kumar Sharma, son of Ganesh Sharma, residing at Ward No.09, Rairangpur, Mayurbhanj, Odisha, do hereby solemnly affirm and declare that I have decided to change my son's name Tathya Sharma to Tathya Bhardwaj and daughter's name Tithi Sharma to Tithi Bhardwaj via affidavit in the Court of Executive Magistrate at Rairangpur dated 25th October 2025.

**NAME CHANGE**

**I, Ayushi Kedia, W/O- Prashant Kumar Jalan, R/O- Block 7/3B, P.S. Magnum, Kazi Nazrul Islam Avenue, Haldirams, VIP Road, Kol- 700052 shall henceforth be known as Ayushi Jalan as declared before the Notary Public, Kolkata Court vide affidavit no. 13771/18 dated 28/10/2025, Ayushi Kedia & Ayushi Jalan both are same and identical person.**

**TENDER NOTICE**

E-Tender for construction of 3 nos civil works under the jurisdiction of Basanti Block have been invited by the undersigned. Details of which as noted below:
Bid Submission Date: 21.11.2025
Bid Closing Date: 19.12.2025
Details can be collected from the website http://wbtenders.gov.in & office Notice Board.
**BLOCK DEVELOPMENT OFFICER**
**BASANTI DEVELOPMENT OFFICER**
**South 24 Parganas**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसएएनडीटी-सीओएन-एसडीएएच-03-2025, दिनांक: 20.11.2025,** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700 014 द्वारा **निविदा सं. एसएएनडीटी-सीओएन-एसडीएएच-03-2025** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** मुरारई से बड़हरवा तीसरी लाइन और पाकुड़ - गुमानी चौथी लाइन तक इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में उल्लंघन हटाना और संबंधित गतिविधि तथा पूर्व रेलवे के हावड़ा और मालदा मंडल में मुरारई - बड़हरवा तीसरी लाइन (48.9 किमी सेक्शन) और पाकुड़ से गुमानी चौथी लाइन (18.48 किमी) के संबंध में बांसलोई ब्रिज और कोटालपुकुर स्टेशनों पर तीसरी और चौथी लाइन के लिए परिवर्तन के भावी प्रावधान के साथ यार्ड परिवर्तन के बिना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के आरंभ द्वारा उल्लंघन मुक्त नए स्थान पर मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली** : दो पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 45,99,12,285.55, **बयाना राशि:** रु. 24,49,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 18 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 20.11.2025 को 14.02 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.12.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। CON-52/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## चिंगरीहाटा मेट्रो का काम शुरू करने को लेकर आरवीएनएल फिर हाई कोर्ट पहुंचा



**कोलकाता, समाज्ञा :** चिंगरीहाटा मेट्रो को लेकर राज्य और मेट्रो अधिकारियों के बीच खींचतान जारी है। कंस्ट्रक्शन कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने राज्य सरकार पर सहयोग न करने का आरोप लगाया है। कंपनी फिर से कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई में आरवीएनएल ने हाई कोर्ट में दावा किया कि राज्य के साथ मेट्रो की मीटिंग के बाद भी चिंगरीहाटा में मेट्रो का काम शुरू नहीं किया जा रहा है। जॉइंट मीटिंग में हुए फैसले के बावजूद एडमिनिस्ट्रेशन सड़क बंद नहीं कर रहा है। वकील का दावा है कि जॉइंट मीटिंग में तय हुआ था कि नवंबर में शनिवार और रविवार को सड़क बंद करके मेट्रो का काम किया जाएगा। उस पर अमल न होने से मेट्रो का काम रुका हुआ है। राज्य ने बताया कि ईडन में टेस्ट मैच और मैराथन के लिए सड़क बंद नहीं की जा सकती। एक्टिंग चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने आरवीएनएल को लिखित एप्लीकेशन जमा करने का निर्देश दिया है। लिखित एप्लीकेशन मिलने के बाद, सभी को आने वाले दिनों में हाई कोर्ट की कार्रवाई का इंतजार है।

## कोलकाता में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक सड़क किनारे पार्किंग होगी बंद

### मेयर ने गाइडलाइन जारी करने का आदेश दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक सड़क किनारे पार्किंग बंद होने जा रही है। मेयर फिरहाद हकीम ने इस बारे में गाइडलाइन जारी करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को 'टॉक टू मेयर' में उन्होंने कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट में लगे वर्कर्स को शहर की सफाई करने में दिक्कत आ रही है। कई बार पार्किंग की वजह से शहर की सड़कों की सफाई नहीं हो पाती है। इसलिए उन्होंने नगर निगम कमिश्नर सुमित गुप्ता को तुरंत गाइडलाइन जारी करने का निर्देश



दिया है कि कोलकाता में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पार्किंग की इजाज़त नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को भी पूरे मामले की जानकारी दी जाए क्योंकि शहर की सड़कों पर कई अनजान कारें सालों से पड़ी हैं और गंदगी जमा हो रही है। पुलिस ने एक धमाके के बाद कार्रवाई की। पुलिस इन पहचानी गई कारों के खिलाफ केस क्यों नहीं करती और उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती? मेयर ने कहा कि वह पुलिस कमिश्नर को इस बारे में लेटर लिखकर जानकारी देंगे।

# पिछले चुनावों में 10 से 25 हज़ार वोटों के मार्जिन से हारी सीटों पर भाजपा की नजर, 123 सीटों पर कर रही मैपिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से भाजपा राज्य की 123 विधानसभा सीटों को टारगेट करते हुए एक सीक्रेट ऑपरेशन शुरू किया है। गेरुआ खेमा असल में उन सीटों की 'मैपिंग' कर रहा है जो पिछले विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस से 10 से 25 हज़ार वोटों के मार्जिन से हारी थीं। इनमें से कोलकाता की तीन, हावड़ा की छह और हुगली और नदिया ज़िलों की पांच-सात सीटों को टारगेट कर भाजपा चुनाव आयोग के एक सेक्शन का इस्तेमाल कर रही है। सूत्रों का दावा है कि प्रदेश भाजपा ने दोनों 24 परगना, दोनों मेदिनीपुर, बर्दवान पूर्व और



पश्चिम जिलों में रिकॉर्ड सीटों की मैपिंग करके बड़ी संख्या में वोटरों को बाहर करने का सीक्रेट प्लान बनाया है। हालांकि, भाजपा के चुनाव एक्सपर्ट्स ने इलेक्शन कमीशन के एक सेक्शन का इस्तेमाल करके माइनॉरिटी और तृणमूल के मजबूत इलाकों को इस लिस्ट से बाहर करके एक बहुत सफल अभियान चलाया है। भाजपा का यह सीक्रेट टारगेट कितना पूरा हुआ है, यह तो 9 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पब्लिश होने पर ही पता चलेगा। हालांकि, बाहर किए गए वोटरों को अगले एक महीने में अपना नाम रजिस्टर कराने के लिए अप्लाई करने का मौका मिलेगा। लेकिन उस मामले में, भाजपा ने उन एलीकेंट्स को नाम वापस लेने से रोकने के लिए इलेक्शन कमीशन का इस्तेमाल करने का सीक्रेट प्लान बनाया है। सूत्रों के मुताबिक, बिहार में एसआईआर प्रोसेस में हिस्सा लेने वाली भाजपा की एक 'स्पेशल टीम' को इस सीक्रेट कैंपेन में पहले ही पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी दी जा चुकी है। दिल्ली के अफसरों का एक सेक्शन उस टीम के लगातार कॉन्टैक्ट में है। कमीशन की अपनी मैपिंग के अलावा, भाजपा की सेंट्रल लीडरशिप की तरफ से उन खास सीटों पर अलग से मैपिंग चल रही है। हर दिन कोलकाता से एसआईआर की प्रोग्रेस और टारगेट कितने पूरे हुए हैं, इस पर कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट दिल्ली में उन अधिकारियों को भेजी जा रही है। कुल मिलाकर, पद्म शिविर ने राज्य की इन 123 पहचानी गई 'मार्जिनल' सीटों से लगभग 1.15 करोड़ पुराने वोटर्स के नाम हटाने का टारगेट रखा है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ सीडीओ, सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल, नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-निविदा के माध्यम से एक खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। पात्र निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही उक्त के लिए आवेदन करें। कोई भी ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए कृपया दस्तावेज़ खंड में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ को पढ़ें: **(1) निविदा सूचना संख्या: सी-एमईसीएच-ओबीएचएस-एसएचएम-11-25, दिनांक: 19.11.2025। कार्य का नाम:** 03 वर्षों की अवधि के लिए पद्मपुकुर और शालीमार में अनुरक्षित 10 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) और 9 प्राथमिक ट्रेनों में लिनेन वितरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 31,09,62,421.89। **बयाना राशि:** ₹ 17,04,800। **निविदा बंद होने की तारीख:** 18.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 10,000 (अप्रतिदेय)। **(2) निविदा सूचना संख्या: सी-बायोटी-25आर2, दिनांक: 20.11.2025। कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए कोचिंग डिपो, सांतरागाछी और पद्मपुकुर के कोचों में बायो टॉयलेट (डीआरडीई टाइप) का वार्षिक रखरखाव और परिचालन अनुबंध (एएमओसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,58,20,882.35 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** ₹ 12,79,100। **निविदा बंद होने की तारीख:** 18.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 10,000 (अप्रतिदेय)।
(PR-864)

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा "**मेट्रो रेलवे, कोलकाता के एएफसी टिकटिंग सिस्टम के साथ एकीकरण के लिए डिज़ाइन, विकास, एकीकरण, परीक्षण और आरंभ करने हेतु थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के चुनाव**" के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट देखें: **https://mtp.indianrailways.gov.in** → News and Recruitment → News and Announcement **अंतिम तिथि:** 04.12.2025; **समय: 18:00 बजे तक।**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**इस्लामपाड़ा हॉल्ट स्टेशन में ईएमयू लोकल ट्रेनों के अस्थाई ठहराव का विस्तार**

यात्रियों की सुविधाओं के लिए, **इस्लामपाड़ा हॉल्ट** स्टेशन में नीचे उल्लेखित **22 ईएमयू लोकल** ट्रेनों के अस्थाई ठहराव को **06 महीने (दिनांक 23.11.2025 से 22.05.2026 तक)** की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है :

(1) **37921** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल, (2) **37743** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (3) **37749** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (4) **37751** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (5) **37753** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (6) **37927** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल, (7) **37757** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (8) **37912** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल, (9) **37914** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल, (10) **31112** कटवा-सियालदह ईएमयू लोकल, (11) **37742** कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल, (12) **37744** कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल, (13) **37748** कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल, (14) **37928** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल, (15) **37750** कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल, (16) **37745** बैण्डेल-कटवा ईएमयू लोकल, (17) **31111** सियालदह-कटवा ईएमयू लोकल, (18) **37915** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल, (19) **37925** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल, (20) **37920** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल, (21) **37746** कटवा-बैण्डेल ईएमयू लोकल, (22) **37924** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल। अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**माघ मेला के दौरान कुछ एक्सप्रेस ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन के बदले सूबेदारगंज पर रुकेंगी**

माघ मेला के दौरान निम्नलिखित ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन के बदले सूबेदारगंज स्टेशन पर निम्नानुसार रुकेंगी:

| ट्रेन नं. और नाम | सूबेदारगंज में समयसूची | |
|---|---|---|
| | आ. | प्र. |
| 12324 डाउन बाड़मेर – हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस [यात्रा शुरू दिनांक - 03.01.2026 से 14.02.2026 (13 दिन)] | 16.15 | 16.20 |
| 12306/12302 डाउन नई-दिल्ली- हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस [यात्रा शुरू दिनांक - 02.01.2026 से 17.02.2026 (47 दिन)] | 23.31 | 23.33 |
| 12305/12301 अप हावड़ा-नई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस [यात्रा शुरू दिनांक - 01.01.2026 से 16.02.2026 (47 दिन)] | 02.48 | 02.50 |
| 12323 अप हावड़ा-बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस [यात्रा शुरू दिनांक - 02.01.2026 से 13.02.2026 (13 दिन)] | 06.50 | 06.55 |

**टिप्पणी:** ये सभी ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन में थ्रू पास करेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

इंजीनियरिंग, ओवरहेड इक्विपमेंट और सिग्नल एवं टेलीकम्यूनिकेशन रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के विभिन्न खंड में **दिनांक 23.11.2025 (रविवार)** को दिन के समय **ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **निरस्तीकरण [दिनांक 23.11.2025 (रविवार)]:** (1) **हावड़ा से** - 37055, 37249, 37363, 36823 (2) **बैण्डेल से** - 37246, 37749 (3) **बर्द्धमान से** - 36834 (4) **सेवड़ाफुली से** - 37056 (5) **आरामबाग से** - 37364, 37396 (6) **कटवा से** - 37748 ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त [दिनांक 23.11.2025 (रविवार)]:** 37365 हावड़ा - आरामबाग लोकल तारकेश्वर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 23.11.2025 (रविवार)]:** 53009 कटवा - आजिमगंज पैसेंजर को कटवा से 12.00 बजे के बदले 12.30 **बजे** पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**एसी ईएमयू ट्रेनों का गोपालनगर एवं बामनगाछी स्टेशनों में अतिरिक्त ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **33762 डाउन रानाघाट-बनगाँव-सियालदह एसी ईएमयू लोकल** एवं **33761 अप सियालदह-बनगाँव-रानाघाट एसी ईएमयू लोकल** ट्रेनें **दिनांक 22.11.2025 से 31.12.2025 तक** परीक्षण के तौर पर रानाघाट-बनगाँव अनुभाग में **गोपाल नगर** स्टेशन तथा बनगाँव-बारासात अनुभाग में **बामनगाछी** स्टेशन में अस्थाई रूप से अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी। इन ट्रेनों की विस्तृत समय-सूची निम्नानुसार हैं:

| स्टेशन | 33762 रानाघाट-बनगाँव-सियालदह एसी ईएमयू लोकल | | 33761 सियालदह-बनगाँव-रानाघाट एसी ईएमयू लोकल | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| रानाघाट जंक्शन | - | 07.11 | 20.43 | - |
| माझेरग्राम | 07.21 | 07.27 | 20.27 | 20.28 |
| गोपालनगर | 07.34 | 07.35 | 20.19 | 20.20 |
| बनगाँव जंक्शन | 07.44 | 07.50 | 20.07 | 20.10 |
| चांदपाड़ा | 07.59 | 08.00 | 19.49 | 19.50 |
| ठाकुरनगर | 08.04 | 08.05 | 19.43 1/2 | 19.44 1/2 |
| गोबरडांगा | 08.10 | 08.11 | 19.38 1/2 | 19.39 1/2 |
| मछलन्दपुर | 08.15 | 08.16 | 19.34 | 19.35 |
| हाबरा | 08.24 | 08.25 | 19.24 | 19.25 |
| अशोकनगर | 08.28 | 08.29 | 19.19 1/2 | 19.20 1/2 |
| बिड़ा | 08.35 | 08.36 | 19.12 1/2 | 19.13 1/2 |
| दत्तपुकुर | 08.39 1/2 | 08.40 1/2 | 19.07 | 19.08 |
| बामनगाछी | 08.43 1/2 | 08.44 1/2 | 19.02 | 19.03 |
| बारासात जंक्शन | 08.53 | 08.54 | 18.56 | 18.57 |
| मध्यमग्राम | 08.59 | 09.00 | 18.47 | 18.48 |
| बिराटी | 09.07 | 09.08 | 18.39 | 18.40 |
| दमदम कैण्ट. | 09.13 | 09.14 | 18.33 | 18.34 |
| दमदम जंक्शन | 09.19 | 09.20 | 18.26 | 18.27 |
| बिधाननगर रोड | 09.24 | 09.25 | 18.21 1/2 | 18.22 1/2 |
| सियालदह | 09.38 | - | - | 18.14 |

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसएससी : 11वीं और 12वीं भर्ती वेरिफिकेशन में मिले फर्जी डॉक्यूमेंट्स, 26 कैंडिडेट्स जांच के दायरे में

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्लास 11वीं और 12वीं के टीचरों की भर्ती के लिए वेरिफिकेशन के पहले तीन दिनों में कुल 26 कैंडिडेट्स के डॉक्यूमेंट्स में गलत या झूठी जानकारी सामने आई है। स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के सूत्रों के मुताबिक, इस घटना के बाद डॉक्यूमेंट्स और जानकारी को वेरिफाई करने के लिए और सख्त कदम उठाए जाएंगे। पहले भी साफ कहा जा चुका है कि अगर डॉक्यूमेंट्स में थोड़ी भी गलत जानकारी हुई तो उसकी कैंडिडेसी



कैंसिल की जा सकती है। बता दें कि एसएससी ने गत 18 नवंबर से 11वीं और 12वीं टीचर भर्ती पास करने वाले कैंडिडेट्स के डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई करना शुरू कर दिया है। इन तीन दिनों में एसएससी 26 कैंडिडेट्स के फर्जी डॉक्यूमेंट्स पकड़ पाया है। ज्यादातर मामलों में 10वीं क्लास के टीचिंग एक्सपीरियंस से जुड़ी जानकारी में गड़बड़ियां हैं। पता चला है कि इन 26 में से 14 कैंडिडेट 11वीं क्लास के और 12वीं क्लास के हैं। पहले दिन बंगाली और अगले दो दिन इंग्लिश और हिस्ट्री टीचर पोस्ट के लिए वेरिफाई किया गया। बंगाली के मामले में 25 लोग एब्सेंट रहे। इंटरव्यू प्रोसेस 26 नवंबर से शुरू होगा। एसएससी के एक अधिकारी ने बताया कि इन 26 कैंडिडेट्स में से ज्यादातर ने टीचिंग एक्सपीरियंस के फर्जी डॉक्यूमेंट्स दिए हैं। कुछ ने फर्जी जाति प्रमाणपत्र दिए हैं। यह जानबूझकर किया गया है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि पूरे प्रूफ न मिलने पर अब सख्त एक्शन लिया जाएगा या नहीं। इस बीच, 9वीं और 10वीं टीचर भर्ती एग्जाम के रिजल्ट आगामी शनिवार या अगले हफ्ते जारी हो सकते हैं।

## टेट को लेकर हाई कोर्ट की टिप्पणी, गलत प्रश्न के लिए सभी को मिलेंगे नंबर

### 2017 और 2022 दोनों टेट परीक्षाओं में गलत प्रश्न पूछने का मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के परीक्षार्थियों के लिए अच्छी खबर है। हाई कोर्ट की टिप्पणी के मुताबिक गलत सवालों के लिए सभी को नंबर मिलेंगे। हाई कोर्ट ने कहा है कि केस करने वाले या न करने वाले सभी को नंबर देने होंगे। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस बिश्वजीत बसु की पीठ में हुई। दरअसल, हाई कोर्ट में एक मामला दायर किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्राथमिक टेट के प्रश्नपत्र में सवाल गलत थे। 2017 और 2022 दोनों टेट परी-क्षाओं में गलत सवाल होने के आरोप थे। कोर्ट की बनाई विशेषज्ञ कमेटी ने उस मामले में रिपोर्ट दे दी है। यह मामला काफी समय से चल रहा था। रिपोर्ट देखने के बाद जज ने कहा कि जो भी कोर्ट आया और जो नहीं आया, सभी को गलत सवालों के लिए नंबर मिलेंगे। प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड सोमवार को कोर्ट को बताएगा कि किस तरीके से नंबर दिए जाएंगे और कितने मार्क्स दिए जाएंगे। फिर, कोर्ट आखिरी फैसला लेगा। बताते चलें कि हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 2017 टेट में 23 और 2022 टेट में 24 सवाल गलत थे। उस याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने एक विशेषज्ञ कमेटी बनाई थी, जो यह जांच करे कि प्रश्न सही था या गलत। हाल ही में, प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिसूचाना जारी हुई है। 19 नवंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई है। मामले पर सुनवाई के दौरान सवाल उठाया गया था कि प्रश्न पत्र में सवाल गलती होने का मामला लंबित रहने के बावजूद नई भर्ती के लिए अधिसूचना क्यों जारी की गई? कुल 13,421 पदों के लिए बहाली होनी है। बोर्ड जिलेवार ब्योरा भी प्रकाशित करेगा। सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड शिक्षकों को उनके ही जिले में नौकरी देना चाहता है। इसलिए, अभ्यर्थियों के पास आ-वेदन में यह बताने का मौका है कि वह किस जिले में नियुक्ति चाहता है।

## हाई कोर्ट ने जेयू में सीसीटीवी और सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती पर मांगा हलफनामा

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर यूनिवर्सिटी (जेयू) में सिक्योरिटी मजबूत करने के लिए चल रहे कदमों पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। यूनिवर्सिटी अथॉरिटी और राज्य सरकार को एक हफ्ते के अंदर एक एफिडेविट फाइल करना होगा, जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगाने और सिक्योरिटी गार्ड तैनात करने का काम पूरा करने की खास टाइम फ्रेम बताई जाएगी। यह आदेश हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच ने दिया। बता दें कि राज्य के वित्त विभाग ने जेयू में सिक्योरिटी कर्मचारियों की नियुक्ति और सीसीटीवी लगाने के लिए पहले ही 67 लाख रुपये से ज्यादा आवंटित कर दिया हैं। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई



है कि अब तक काम पूरे लेवल पर शुरू नहीं हुआ है। बेंच ने साफ कहा कि यूनिवर्सिटी कैंपस सिक्योरिटी का मुद्दा बहाना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे प्रायोरिटी पर पूरा किया जाना चाहिए। अगर कोई डेडलाइन नहीं बताई जाती है, तो यह गैरजिम्मेदारी दिखाता है। कोर्ट ने ऐसी टिप्पणी भी की। इस मामले की अगली सुनवाई दिसंबर के पहले हफ्ते में तय की गई है। माना जा रहा है कि एफिडेविट में बताई गई प्रोग्रेस के आधार पर कोर्ट आगे के ऑर्डर जारी कर सकता है।

## छेड़छाड़ का आरोप, कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के प्रमुख ने दिया इस्तीफ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्टूडेंट्स के आंदोलन के दबाव में शुक्रवार को कोलकाता मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। दरअसल, विभाग प्रमुख के खिलाफ फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। मेडिकल स्टूडेंट्स ने उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रिंसिपल के ऑफिस के बाहर हुआ। इस दिन, दोपहर 12 बजे से मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्यों ने प्रिंसिपल के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रिंसिपल को लिखित शिकायत भी दी। एनाटॉमी विभाग के प्रधान पर आरोप है कि वह आए दिन फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के साथ बदतमीजी करते थे। हाल ही में, विभाग प्रमुख प्रोफेसर कल्याण भट्टाचार्य पर फर्स्ट ईयर के कई स्टूडेंट्स के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोप लगे हैं। आरोपों के बाद स्टूडेंट्स ने दोपहर करीब 12 बजे प्रिंसिपल के ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोपहर में दबाव में आकर एचओडी को इस्तीफा देना पड़ा। प्रिंसिपल ने बताया कि मैत्रेयी मंडल को नए एचओडी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रिंसिपल ने यह भी बताया कि 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है। रिपोर्ट 10 दिन के अंदर प्रिंसिपल को दे दी जाएगी। प्रिंसिपल ने कहा कि अगर मुझे रिपोर्ट मिलती है, तो मैं इसे हेल्थ डिपार्टमेंट को भेजूंगा। वे रिपोर्ट के आधार पर ज़रूरी एक्शन लेंगे।

## शिक्षक भर्ती मामले में अनुभव अंक देने पर फैसला शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद : अदालत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्कूल स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) 2025 के अभ्यर्थियों को पूर्व-शिक्षण अनुभव के आधार पर अंक दिए जाने के मुद्दे पर स्पष्टता प्रदान करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तभी विचार किया जा सकता है, जब शीर्ष अदालत इस बारे में निर्णय ले ले कि संबंधित अभ्यर्थियों को ऐसे अंक दिए जा सकते हैं या नहीं। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने गुरुवार को यह आदेश तब पारित किया, जब संबंधित पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने अदालत को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने अभ्यर्थियों को शिक्षण अनुभव के आधार पर अंक दिए जाने के मुद्दे पर सुनवाई के लिए 24 और 26 नवंबर की तारीख तय की है। पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी,



जिसमें 'अनुभव' के लिए निर्धारित 10 अंक आवंटित किए जाने के चरण से जुड़े फैसले को चुनौती दी गई थी। इसमें दलील दी गई थी कि अनुभव के आधार पर दिए जाने वाले अंक अंतिम मेरिट सूची के संकलन के दौरान जोड़े जाने चाहिए, न कि साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की सूची बनाने से पहले। स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने दलील दी कि साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार करते समय उक्त अंकों को शामिल किया जाना चाहिए।

## हाई कोर्ट ने भाजपा को मंदिर बाजार में जुलूस निकालने की दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा को सुंदरवन के मंदिर बाजार में रैली और जनसभा करने की इजाजत दे दी है। यह आदेश हाई कोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने शुक्रवार को दिया। हालांकि, भाजपा को यह रैली निकालने के लिए कई पाबंदियों का पालन करना होगा। पता चला है कि इस जुलूस में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी के मौजूद रहने की उम्मीद है। इस दिन, जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने इस जुलूस को लेकर आदेश देते हुए कहा कि यह जुलूस दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक निकाला जा सकता है। उन्होंने रूट मैप भी तय किया। जज ने कहा कि जुलूस मंदिर बाजार बस स्टैंड से शुरू होगा और जगदीशपुर मेला ग्राउंड पर खत्म होगा। जज ने सुरक्षा के लिए पब्लिक गैदरिंग की लिमिट भी साफ की। उन्होंने कहा कि जुलूस में ज़्यादा से ज़्यादा 7,000 लोग और मीटिंग में ज़्यादा से ज़्यादा 10,000 लोग इकट्ठा हो सकते हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने काफ़ी पुलिस तैनात करने का आदेश दिया और कहा कि पूरे जुलूस को चलाने की ज़िम्मेदारी मंदिर बाजार थाने के ओसी की देखरेख में होगी। इसके अलावा, सुंदरवन ज़िला प्रशासन को जुलूस और मीटिंग में शामिल होने वालों की सुरक्षा पक्का करने की ज़िम्मेदारी दी गई है। इन आदेशों के चलते, कोर्ट ने साफ कर दिया है कि भाजपा को जुलूस और मीटिंग करते समय नियमों का पालन करना होगा। और प्रशासन को उन जुलूसों और मीटिंग की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी लेनी होगी।

## इस्लामपाड़ा हॉल्ट स्टेशन पर 22 लोकल ट्रेनों का अस्थायी ठहराव छह महीने तक बढ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हावड़ा डिवीजन के इस्लामपाड़ा हॉल्ट स्टेशन पर 22 ईएमयू लोकल ट्रेनों के अस्थायी ठहराव को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था अगले छह महीनों के लिए बढ़ाई गई है, जो 23 नवंबर 2025 से 22 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, बंडेल-कटवा सेक्शन की 37743, 37749, 37751, 37753, 37757 और 37745 ईएमयू लोकल ट्रेनों का ठहराव जारी रहेगा। इसी प्रकार, हावड़ा-कटवा रूट की 37921, 37927, 37915 और 37925 तथा कटवा-हावड़ा



रूट की 37912, 37914, 37928, 37920 और 37924 लोकल ट्रेनों का स्टॉपेज भी बना रहेगा। इसके अतिरिक्त, कटवा-बंडेल सेक्शन की 37742, 37744, 37748, 37750 और 37746 तथा कटवा-सियालदह-कटवा रूट की 31112/31111 ईएमयू लोकल ट्रेनों का ठहराव भी पूर्व की भांति जारी रहेगा। रेलवे का कहना है कि इससे स्थानीय यात्रियों को निर्बाध आवागमन और बेहतर रेल सुविधा मिलती रहेगी।

## हेरिटेज लॉ कॉलेज में कॉनकॉर्ड 2025 का शुभारंभ, विधि विशेषज्ञों ने दी प्रेरक सीख

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज लॉ कॉलेज में शुक्रवार को बी.ए. एलएल.बी. कार्यक्रम (2025-2030) की 11वीं बैच के स्वागत हेतु आयोजित छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम कॉनकॉर्ड 2025 का शुभारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में विधि जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति और विचारों से विद्यार्थियों को उत्प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस इंदिरा बनर्जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधि व्यवसाय की गरिमा पर प्रकाश डाला और भावी अधिवक्ताओं से संविधानिक मूल्यों, तर्कशीलता और नैतिकता को सदैव प्राथमिकता देने का आग्रह किया। वहीं, मुख्य वक्ता



वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व महाधिवक्ता जयंत मित्रा ने छात्रों को आजीवन शिक्षा, विश्ले-षणात्मक सोच और पेशेवर ईमानद-ारी को अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अमितावा मित्रा (पार्टनर, सिन्हा एंड कंपनी) और शुभोजित रॉय (पार्टनर, विक्टर मोसेस एंड कंपनी) उपस्थित रहे, जिन्होंने विधिक क्षेत्र में बदलते परिवेश, न्यायलयीन अनुभवों और उभरते करियर अवसरों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एस.एस. चैटर्जी ने नई बैच का स्वागत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण और चरित्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। कार्यक्रम में हेरिटेज के निदेशक प्रोबिर रॉय, सीईओ पी.के. अग्रवाल और सीनियर डायरेक्टर (एजुकेशन) प्रो. बसब चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्री अग्रवाल ने कहा कि कॉनकॉर्ड 2025 का उद्देश्य विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, शैक्षणिक दिशा और विधि समुदाय के विशिष्ट सदस्यों से संवाद का अवसर प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह एक इंटरैक्टिव सत्र और धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ, जिसने आगामी शैक्षणिक वर्ष की एक प्रेरक और यादगार शुरुआत का संकेत दिया।

## पूर्व रेलवे में एसीपी के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई, आरपीएफ ने 18 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ट्रेनों की समयबद्धता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अलार्म चेन पुलिंग के दुरुपयोग के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। ऑपरेशन समय पालन के तहत की जा रही इस विशेष कार्रवाई में बिना कारण चेन खींचकर ट्रेन रोकने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया है। अधिकारी बताते हैं कि एसीपी का अनधिकृत उपयोग न केवल ट्रेन संचालन में बाधा डालता है, बल्कि हजारों यात्रियों की सुरक्षा और यात्रा कार्यक्रम को प्रभावित करता है। इसके कारण छात्र, मरीज, व्यापारी और अन्य जरूरी कार्य से यात्रा कर रहे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। 20 नवंबर को हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह डिवीजन में आरपीएफ द्वारा संयुक्त चेकिंग और निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान एसीपी का गलत उपयोग करने वाले कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इनमें, आसनसोल में 7, मालदह में 5, हावड़ा में 4 और सियालदह में 2 लोगों को पकड़ा गया।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने गगनयान मिशन के लिए एल110 विकास इंजन सौंपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरोस्पेस बिजनेस ने इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर को पहला मानव-रेटेड ऐलस्टेज विकास इंजन सफलतापूर्वक डिलीवर किया है। यह उपलब्धि भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कंपनी ने इसे 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण क्षमता की बड़ी उपलब्धि बताया है। गगनयान मिशन के लिए इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 मानव-रेटेड लॉन्च व्हीकल भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में सक्षम होगा। मिशन के अंतर्गत क्रू मॉड्यूल सुरक्षित पुनः प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेगा। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष और एयरोस्पेस बिज़नेस हेड मानेक बहरामकामदीन ने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव का विषय है और इसरो व एलपीएससी के साथ कंपनी की मजबूत साझेदारी को दर्शाती है।

## फाइजर ने भारत में लॉन्च की रिमेजेपेंट ओडीटी टैबलेट, माइग्रेन से तुरंत राहत का दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** फाइजर ने भारत में रिमेजेपेंट ओरली डिसइंटीग्रेटिंग टैबलेट (ओडीटी) लॉन्च की है, जिसे माइग्रेन के अचानक होने वाले दर्द के उपचार के लिए मंजूरी मिली है। कंपनी के अनुसार, 75 एमजी की यह टैबलेट उन वयस्क मरीजों के लिए प्रभावी विकल्प हो सकती है जिन्हें ट्रिप्टान आधारित दवाओं से पर्याप्त राहत नहीं मिल पाई थी। बिना पानी के सेवन योग्य यह टैबलेट तेज असर दिखाते हुए 48 घंटे तक दर्द से राहत बनाए रखने में सक्षम बताई गई है। फाइजर इंडिया की प्रबंध निदेशक मीनाक्षी नेवतिया ने कहा कि यह थेरेपी माइग्रेन पीड़ितों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखती है, जिससे वे जल्दी अपनी दैनिक गतिविधियों में लौट सकेंगे। देश में करोड़ों लोग माइग्रेन से प्रभावित होते हैं, ऐसे में यह दवा उपचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## भारतीय छात्रों के लिए ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा होगी आसान, जस्टिन लैंगर बने निवीकैप के ब्रांड एम्बेसडर




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय छात्रों के ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा के सपनों को सरल बनाने के उद्देश्य से निवीकैप नामक डिजिटल समाधान मंच का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कोच जस्टिन लैंगर को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया। यह पहल ऑस्ट्रेलियाई ट्रेड एंड इन्-वेस्टमेंट कमीशन (ऑस्ट्रेड) के समर्थन से शुरू हुई है। जिक्सू ऑस्ट्रेलिया के संस्थापक द्वारा विकसित निवीकैप छात्रों और अभिभावकों को प्री-अडमिशन से लेकर विदेश में आगमन के बाद तक शिक्षा ऋण, दस्तावेज सहायता, विदेशी मुद्रा मार्गदर्शन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। भारत से हर वर्ष लाखों छात्र ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन के लिए जाते हैं, पर वित्तीय प्रक्रिया अब भी जटिल रहती है। पहले चरण में शिक्षा ऋण सुविधा प्रारंभ की गई है, जबकि आगे चलकर अन्य सेवाएं भी जोड़ी जाएंगी। निवीकैप का संदेश- ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई, बिना बाधा आपके सपनों की ओर।

## 24 नवंबर से ऑरेंज लाइन मेट्रो सेवाओं में बदलाव, यात्रियों को होगी अधिक सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के मेट्रो यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया गया है। ऑरेंज लाइन पर 24 नवंबर से कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (सीबीटीसी) लागू किया जाएगा। इस बदलाव के साथ ही इस रूट पर मेट्रो सेवाओं की संख्या बढ़ाकर 60 से 62 कर दी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत प्रतिदिन 31 अप और 31 डाउन सेवाएं संचालित होंगी। दक्षिणी टर्मिनस कवि सुभाष से बेलेघाटा के लिए पहली मेट्रो अब सुबह 07:40 बजे रवाना होगी, जबकि पहले यह 08:00 बजे चलती थी। वहीं, बेलेघाटा से कवि सुभाष की पहली मेट्रो 08:10 बजे चलेगी, जो पूर्व समय 07:55 बजे था। इसी प्रकार, अंतिम मेट्रो सेवाओं में भी बदलाव किया गया है। कवि सुभाष से बेलेघाटा के लिए अंतिम ट्रेन अब रात 20:20 बजे उपलब्ध होगी। बेलेघाटा से अंतिम मेट्रो 20:45 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि पहले दोनों सेवाएं 20:05 बजे होती थीं।

## कोलकाता में एनएससीबीआई एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआई एयरपोर्ट) में 20 नवंबर को एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रो. सौगत रॉय ने की, जबकि हवाई अड्डा निदेशक विक्रम सिंह ने बैठक का संचालन किया। बैठक में नगरपालिकाओं, राज्य पुलिस, ट्रैवल एवं एयरलाइन एसोसिएशनों, जिला प्रशासन, एयरपोर्ट सुरक्षा तथा अन्य नामित सदस्यों सहित विभिन्न हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक के दौरान हवाई अड्डा निदेशक ने यातायात वृद्धि, अवसंरचना विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी तथा यात्रियों की सुविधा, संचालन दक्षता और क्षमता विस्तार से जुड़े प्रमुख प्रयासों को रेखांकित किया। सांसद प्रो. रॉय ने हवाई अड्डे में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि संचालन और यात्री सुविधाओं में और सुधार सुनिश्चित हो सके। बैठक का समापन हवाई अड्डे के सतत विकास और निर्बाध संचालन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## काइनेटिक ग्रीन-एक्सपोनेंट एनर्जी ने पेश किया 15 मिनट रैपिड चार्जिंग ई-3 व्हीलर समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी कर ई-रिक्शा और ई-कार्ट के लिए देश का सबसे तेज रैपिड चार्जिंग समाधान लॉन्च किया है। यह तकनीक एल3 और एल5 कैटेगरी के वाहनों को सिर्फ 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज करने में सक्षम बनाएगी, जिससे परिचालन समय में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी संभव होगी। इस सहयोग के तहत काइनेटिक ग्रीन के लोकप्रिय एल3 मॉडल सफर स्मार्ट, सफर शक्ति और सुपर डीएक्स तथा हाई-स्पीड एल5 सफर जंबो लोडर को नई चार्जिंग क्षमता से लैस किया गया है। एक्सपोनेंट की अत्याधुनिक बैटरी तकनीक और स्मार्ट चार्जिंग नेटवर्क के साथ ये वाहन 3000 साइकिल तक वारंटी भी प्रदान करेंगे। कंपनियों का कहना है कि यह समाधान लास्ट माइल मोबिलिटी को अधिक कुशल बनाते हुए मालिकों और फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए कम लागत और अधिक कमाई सुनिश्चित करेगा।

## दिल्ली हमलों के बाद सियालदह स्टेशन पर पूर्व रेलवे सुरक्षा प्रमुख का व्यापक निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में हुए आतंकी हमलों के बाद पूरे देश में बढ़ाई गई सुरक्षा सतर्कता के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के आईजी-कम-प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर अमिया नंदन सिन्हा ने 20 नवंबर को सियालदह स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल सियालदह में सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए आरपीएफ लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में श्री सिन्हा ने स्टेशन पर लागू सुरक्षा उपायों, तकनीकी निगरानी प्रणाली और तैनात बल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों और फेसियल रिकॉग्निशन सिस्टम के माध्यम से लगातार व सूक्ष्म निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैगेज स्कैनर की कार्यक्षमता बढ़ाने और यात्रियों



के प्रवेश-निकास को चरणबद्ध तरीके से नियंत्रित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यात्रियों के सामान की स्कैनिंग गोपनीय तरीके से की जाए, जिससे बैगेज की सामग्री अन्य यात्रियों को नजर न आए। सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से स्टेशन पर दो अतिरिक्त आरप-ीएसएफ कंपनियां तैनात की गई हैं। संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों पर निगरानी के लिए एक्सेस-कंट्रोल को कड़ा किया गया है। स्टेशन परिसरों में प्रकाश व्यवस्था सुधारने को भी प्राथमिकता दी गई है, ताकि सीसीटीवी कवरेज और प्रभावी हो सके। साथ ही स्निफर और विस्फोटक पहचान डॉग-स्क्वाड को चौबीसों घंटे तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के अनारा स्टेशन में तेजी से चल रहा है पुनर्विकास कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल द्वारा देशभर के रेलवे स्टेशनों के व्यापक आधुनिकीकरण के लक्ष्य के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे के अनारा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। पुरुलिया जिले के आद्रा मंडल में स्थित यह स्टेशन आसनस-ोल-टाटानगर रेलखंड पर यात्रियों और माल परिवहन दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जो पश्चिम बंगाल और झारखंड को आपस में जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए प्रसिद्ध अनारा क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। स्टेशन के पुनर्विकास के तहत यात्रियों की सुविधा के लिए कई उन्नत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिनमें स्टेशन भवन का नवीनीकरण, नया फुट ओवर ब्रिज, दो नई लिफ्ट,




दिव्यांगजन-अनुकूल बुकिंग काउंटर और रैंप शामिल हैं। बेहतर आवागमन के लिए नए एंट्री-एग्जिट गेट, विस्तृत परिसंचरण क्षेत्र और पार्किंग स्थल विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही प्रतीक्षालय के उन्नयन, प्लेटफॉर्म पुनर्सतहीकरण एवं शेल्टर निर्माण जैसे कार्य जारी हैं। स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु स्टेशन परिसर को थीम आधारित पेंटिंग से सजाया जा रहा है। दिव्यांगजन सुविधाओं में विशेष शौचालय, वाटर बूथ, पार्किंग क्षेत्र और टैक्टाइल टाइल्स की व्यवस्था की गई है। ट्रेन और कोच इंडिकेटर बोर्ड, बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था तथा नए शौचालय ब्लॉक भी यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर स्थापित किए जा रहे हैं। परियोजना पूरी होने पर अनारा स्टेशन एक आधुनिक, स्वच्छ और यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप रेलवे केंद्र के रूप में उभरेगा, जिससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

## यात्रियों की मांग पर पूर्व रेलवे ने बढ़ाई एसी लोकल ट्रेनों की सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए राणाघाट-बनगांव-सियालदह रूट की एसी ईएमयू लोकल ट्रेनों को दो स्टेशनों पर अस्थायी रूप से अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, 33762 राणाघाट-बनगांव-सियालदह एसी ईएमयू लोकल तथा 33761 सियालदह-बनगांव-राणाघाट एसी ईएमयू लोकल अब राणाघाट-बनगांव सेक्शन के गोपालनगर स्टेशन और बनगांव-बारासात सेक्शन के बामनगाछी स्टेशन पर भी रुकेगी। यह व्यवस्था 22 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक प्रयोगात्मक तौर पर लागू रहेगी। रेलवे का कहना है कि यदि यात्रियों को इसका पर्याप्त लाभ मिलता है तो भविष्य में इसे स्थायी रूप से जारी रखने पर विचार किया जाएगा।

## प्री-स्कूल फ़ैसिलिटेटर प्रशिक्षण में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की समृद्ध ज्ञान-परंपरा को आधुनिक कौशल विकास प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल और भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों के अनुसार, यह सहयोग प्रारंभिक बाल शिक्षा, कौशल विकास और भारतीय ज्ञान-धरोहर को एक साथ जोड़ने का एक नया मार्ग खोलता है। इस साझेदारी के तहत प्री-स्कूल फ़ैसिलिटेटर और केयरगिवर सर्टिफ़िकेशन प्रोग्राम में भारतीय ज्ञान प्रणाली के मूल सिद्धांतों को सुदृढ़ रूप से शामिल किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं।

# एसआईआर प्रभाव: सीमा पर लौटने को मजबूर सैकड़ों बांग्लादेशी व रोहिंग्या

## बिना बाड़ वाली सीमा से होकर वापस लौटने की कर रहे कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही बांग्लादेशी घुसपैठियों के बिना बाड़ वाली सीमा से होकर भागने या अपने देश वापस लौटने की होड़ मची हुई है। विशेषकर कोलकाता से सटे सीमावर्ती उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर व हकीमपुर इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बड़ी संख्या में घुसपैठिए वापस जाने के पिछले कुछ दिनों से समूह में लगातार इकट्ठा हो रहे हैं। इनकी संख्या सैकड़ों में है। जिसके चलते यह सीमा अभी घुसपैठियों से भरा पड़ा है। इस भीड़ में कई रोहिंग्या भी शामिल हैं, जो म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए थे। अब ये लोग किसी तरह अपने देश वापस लौटना चाहते हैं। ये घुसपैठिए इंतजार कर रहे हैं कि कब उन्हें सीमा पार कर वापस जाने की अनुमति दी जाएगी अथवा बीएसएफ बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) को उन्हें सौंपेगा। उनका कहना है कि वे भारत के नागरिक नहीं हैं, लेकिन उनके पास आधार कार्ड, वोटर कार्ड जैसे दस्तावेज हैं। अधिकतर घुसपैठियों का कहना है कि वे रोजी-रोटी की तलाश में भारत आए थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। कई घुसपैठियों का कहना है कि बांग्लादेश वापस जाने पर उन्हें भीख मांगनी पड़ सकती है, क्योंकि भारत की तरह वहां उन्हें काम नहीं मिलेगा।

**❑ हकीमपुर चेकपोस्ट पर पकड़े गए घुसपैठियों ने चौंकाने वाला सच बताया**

हकीमपुर चेकपोस्ट पर पकड़े गए घुसपैठियों ने मीडिया के सामने चौंकाने वाला सच बताया। अधिकतर ने कहा कि वे दलाल को पैसे देकर बंगाल में घुसे थे और सत्तारूढ़ टीएमसी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें भारतीय पहचान पत्र बनवाने में मदद की।

**❑ अब वापस म्यांमार लौटना चाहता रोहिंग्या**

हकीमपुर सीमा पर हिरासत में लिए गए म्यांमार निवासी एक रोहिंग्या मोहम्मद सलीम ने कहा- अब मैं बांग्लादेश के शरणार्थी शिविर में वापस जाना चाहता हूं। वहां से म्यांमार लौट जाऊंगा। पूछताछ में उसने बताया कि 5-6 साल पहले वह बांग्लादेश के रास्ते इसी सीमा के जरिए भारत में दाखिल हुआ था। वह हैदराबाद में चला गया और पिछले कई सालों से वहां दिहाड़ी मजदूरी करता था। बंगाल में एसआईआर शुरू होने के बाद, वह अपने परिवार सहित वापस भागने का रास्ता ढूंढ़ते हुए हकीमपुर पहुंचा। सलीम की पत्नी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि अब कहां जाना है। मेरे पास कोई दस्तावेज नहीं हैं।

**❑ वापस लौटने की कोशिश करने वाले घुसपैठियों की संख्या में बड़ी वृद्धि**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि हाल के सप्ताहों में विशेषकर उत्तर 24 परगना और मालदा जिलों में भारत-बांग्लादेश सीमा के बिना बाड़ वाले इलाकों के जरिए अवैध तरीके से वापस लौटने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या में बड़ी वृद्धि देखी गई है। अधिकारी के अनुसार, पहले ऐसी घटनाएं



बमुश्किल दोहरे अंक में पहुंचती थीं। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन अंकों में पहुंच रहा है।

# बालागढ़ में 900 लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब, पूरे गांव में संदिग्ध मतदाता का भय

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के बालागढ़ में एक बार फिर बड़ा वोटरलिस्ट विवाद सामने आया है। एकतारपुर पंचायत के अंतर्गत पोतागाछी गांव में लगभग 900 लोगों के नाम 2002 की मतदाता सूची से गायब। इससे पूरे इलाके में 'संदिग्ध मतदाता होने की आशंका फैल गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जानकारी जांचते हैं, तब 2003 की सूची में उनके नाम मौजूद दिख रहा है, लेकिन प्रशासन कह रहा है कि 2002 की वोटरलिस्ट ही अंतिम है।

इसी विरोधाभास को लेकर गांव में भारी दहशत। इससे ग्रामीण बुजुर्ग, महिलाएं, युवा सभी परेशान है।



ग्रामीणों का कहना है हम यहां जन्मे-पले हैं, बड़े हुए मतदान दिया अचानक बताया जा रहा है कि सूची में हमारा नाम नहीं, तो हम कौन हैं। वेबसाइट पर 2003 की लिस्ट दिख रही है, लेकिन अधिकारी कह रहे हैं 2002 वाला अंतिम है। हम किस पर भरोसा करें। लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, जमीन के कागज और वोटर आईडी सभी मौजूद हैं। इसके बावजूद नाम गायब होने पर नागरिकता खोने का डर घर कर गया है। कुछ दिन पहले ही बालागढ़ ब्लॉक के करींया गांव में करीब 1500 लोगों के नाम नहीं मिलने से हड़कंप मच चुका है। अब वही समस्या पोतागाछी में भी दोहराई गई। चुनाव दफ्तर के अनुसार, जिले के कई इलाकों में ऐसी गड़बड़ी मिली है और जांच जारी है। अधिकारियों ने अपील है कि जिनका नाम गलती से छूटा है, वे फॉर्म भरकर आवेदन करें। जांच के बाद वैध मतदाताओं के नाम फिर से शामिल किए जाएंगे। इसको लेकर राजनीतिक विवाद भी गहराते जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी कई गांवों में जाकर जनसभाएं कर लोगों की शिकायतें सुनीं। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि एक ही बूथ से 900 नाम कैसे गायब हो सकते हैं। एक वृद्धा ने रोते हुए कहा कि अब इस उम्र में क्या फिर से साबित करना पड़ेगा कि मैं भारतीय हूं की नहीं। संदिग्ध मतदाता के डर से पूरा पोतागाछी दहशत में है। लोग भविष्य को लेकर बेहाल हैं।

# जलतरंग कार्यक्रम के तहत राज्यपाल ने हावड़ा में आमलोगों से की मुलाकात

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस शुक्रवार को 'जलतरंग' कार्यक्रम के तहत आम लोगों के बीच इस तरह घुल-मिल गए कि स्थानीय लोग उन्हें अपने घर का सदस्य मान बैठे। जलपथ से होकर हावड़ा के ग्रामीण इलाके में पहुंचे राज्यपाल न सिर्फ टोटो में बैठकर गांव घूमे, बल्कि आम लोगों से बातचीत की, छोटी दुकानों में बैठकर चाय-चॉप भी खाई। राज्यपाल को इतने करीब से देखकर स्थानीय लोग भावुक और उत्साहित हो उठे। दरअसल, लोगों को समझाने और उनकी समस्याओं को करीब से महसूस करने की सोच से प्रेरित होकर हाल में 'जलतरंग' कार्यक्रम की घोषणा की गई, जिसके



तहत राज्यपाल जलमार्ग से गंगा तटवर्ती गांवों का दौरा कर जनता की समस्याओं को सीधे सुनेंगे। इसी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राज्यपाल बाबूघाट से नाव द्वारा हावड़ा पहुंचे। वहां से वे एक टोटो में बैठकर नाजिरगंज गांव पहुंचे। नाजिरगंज पहुंचकर उन्होंने गांव के लोगों से लंबी बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। गांव के एक छोटे से दुकान में बैठकर उन्होंने चाय और चॉप का आनंद भी लिया। इससे गांव के लोग बेहद खुश हुए। इसके बाद, वे स्थानीय मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना भी की।

## हाई कोर्ट ने मैनहोल में चार मजदूरों की मौत पर दिया मुआवजा का आदेश, तीन महीने का अल्टीमेटम

**❑ घटना को रोकने के लिए कमेटी बनाने का भी आदेश**

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता हाई कोर्ट ने 25 फरवरी, 2021 को रीजेंट पार्क थाना अंतर्गत कुंदघाट में एक मैनहोल की सफाई करने उतरे चार मजदूरों की दुखद मौत पर कड़ा रुख अपनाया है। हाई कोर्ट ने तीन गंभीर रूप से घायल मजदूरों समेत कुल सात लोगों के परिवारों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस चैताली चटर्जी दास की बेंच ने कहा कि मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मैनहोल में उतारा गया, जो 2013 के कानून का साफ उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए प्रशासन की सख्त भूमिका जरूरी है। इस मामले के संदर्भ में, कोर्ट ने कहा कि चारों मृतक मजदूरों के परिवारों को तुरंत आर्थिक मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, तीन घायल मजदूरों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। बेंच ने आदेश दिया है कि तीन महीने के अंदर सारा मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार एक स्पेशल कमेटी बनाने का भी आदेश दिया है ताकि यह पक्का किया जा सके कि भविष्य में ऐसी खतरनाक घटनाएं दोबारा न हों। कमेटी यह मॉनिटर करेगी कि शहर के सीवर और मैनहोल की सफाई के काम में सही सेफ्टी नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि कोलकाता नगर निगम को इन निर्देशों को लागू करना होगा और कलकत्ता हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को एक डिटेल्ड रिपोर्ट देनी होगी।

# फॉर्म जमा करने को लेकर तृणमूल पार्षद के बेटे को पीटने का आरोप, बीएलओ ने किया खंडन

**हुगली, समाज्ञा :** डानकुनी नगरपालिका के 5 नंबर वार्ड के 218 नंबर बूथ में गणना फॉर्म जमा को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि फॉर्म जमा लेने के दौरान बीए-लओ चंद्रिमा घोष ने तृणमूल पार्षद सीमा माकाल के बेटे जीत माकाल को धक्का देकर मारा और उसका मोबाइल भी गिरा दिया। तृणमूल का दावा यह बीएलओ शुरू से ही बीजेपी के लिए काम करती हैं और पार्टी चुनाव आयोग में इसकी शिकायत करेगी। शुक्रवार सुबह बीएलओ चंद्रिमा घोष फॉर्म जमा लेने गईं। उसी समय जीत माकाल ने अपने बड़े भाई के फॉर्म में नाम की स्पेलिंग गलती को कैसे ठीक किया



जाए, यह पूछा। आरोप है कि बीए-लओ ने सहयोग नहीं किया, उल्टा गुस्सा दिखाया और कहा कि आज फॉर्म जमा न कर पाए तो दिल्ली जाकर जमा करना होगा। कथित तौर पर जब जीत बीएलओ की बातों का मोबाइल में रिकॉर्डिंग करने लगे, तब बीएलओ ने उन्हें धक्का दिया, फोन गिरा दिया और हाथ उठा दिया। बीएलओ चंद्रिमा घोष ने सभी आर-ोपों का सख्त खंडन किया। उन्होंने कहा किसी पर हाथ उठाने की मेरी न तो शक्ति है, न ही मैं ऐसा करना चाहती हूं। मेरे नाम पर झूठा प्रचार किया जा रहा है। मैं आयोग के नियमों के मुताबिक काम कर रही हूं। उन्होंने उल्टा तृणमूल पार्षद के बेटे पर ही उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। फॉर्म जमा को लेकर हुए इस विवाद ने इलाके में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है, और भाजपा ओर तृणमूल दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

## डानकुनी में बांग्लादेशी परिवारों के गायब होने का आरोप, एसआईआर शुरू होते ही बस्ती खाली

**हुगली, समाज्ञा :** डानकुनी नगरपालिका के 5 नंबर वार्ड में गोबरा स्टेशन के पास अचानक एक बस्ती को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यहां बांस और काले प्लास्टिक से बने अस्थायी झोपड़ों में इस समय 40 से अधिक परिवार रहते हैं। स्थानीयों का आरोप है कि एसआइआर शुरू होते ही 'बांग्लाद-ेशी' गायब हो गए। इस बस्ती में पांच बांग्लादेशी परिवार रहते थे, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही वे अचानक गायब हो गए। उनका आरोप है कि 2019 में यहां इस तरह की कोई बस्ती थी ही नहीं थी अचानक से बस्ती बनी। बस्तीवासियों का दावा हमारे पास सभी भारतीय दस्तावेज हैं। दूसरी ओर, बस्ती में रहने वाले लोग आरोपों को खारिज कर रहे हैं। उनका कहना है हमारे पास वोटर कार्ड है, आधार कार्ड है। एसआ-इआर फॉर्म भी हमें दिया गया है। उनका कहना है कि उन्हें बांग्लाद-ेशी बताना राजनीतिक तौर पर प्रेरित है। बीजेपी का आरोप है कि बस्ती 2019 के बाद बनी। 2019 में यहां इस बस्ती का कोई अस्तित्व नहीं था। एसआइआर शुरू होते ही जिन पर शक था, वे परिवार तुरंत गायब हो गए। इस घटना को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक तनाव बढ़ने लगा है और एसआ-इआर प्रक्रिया को लेकर नई चर्चा छिड़ गई है।

## खड़गपुर में फैक्ट्री में काम करते समय गिरकर 2 मजदूरों की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर ग्रामीण क्षेत्र के साहाचौक स्थित रामस्वरूप फैक्ट्री में शुक्रवार की दोपहर एक भयावह हादसा हुआ। काम के दौरान लगभग 25 मीटर ऊंचाई से गिरने पर दो अस्थायी मजदूरों की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतकों की पहचान धनंजय मिद्या (उत्तर 24 परगना) और चंदन अधिकारी (गोकुलपुर) के रूप में हुई है। हादसे के तुरंत बाद सहकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल दोनों मजदूरों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वे रास्ते में ही दम तोड़ चुके थे। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों मजदूर ऊंचाई पर बिना किसी सुरक्षा बेल्ट या अन्य उपकरण के काम कर रहे थे। फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की यह गंभीर अनदेखी ही हादसे का मुख्य कारण बताई जा रही है।

# बारानगर में शूटआउट, परिवहन कर्मी पर चली गोली, निशाना चूकने से बाल-बाल बचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बारानगर में शुक्रवार की सुबह शूटआउट की घटना सामने आई। पता चला है कि ट्राम डिपो में कार्यरत एक कर्मचारी को गोली मारी गई। हालांकि, निशाना चूकने की वजह से वह बच गया। लेकिन, गोली के बारूद से वह घायल हो गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर बारानगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। गोली किस वजह से लगी? यह साफ नहीं है। जांच करने वाले यह पता लगा रहे हैं कि यह घटना पुरानी रंजिश की वजह से हुई या कोई और वजह है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा



रही है। घायल व्यक्ति का नाम बिकाश मजूमदार है। वह बारानगर नगरपालिका के नॉर्दर्न पार्क इलाके का निवासी है। वह पेशे से ट्राम डिपो की कर्मचारी है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 6:25 बजे बिकाश अपने घर से कचरा फेंकने नॉर्दर्न पार्क गया था। आरोप है कि उसी समय बाइक सवार दो बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। बिकाश के गिरने के कारण निशाना चूक गया, लेकिन गोली के बारूद के कारण वह घायल हो गया। पता चला है कि बाइक सवार दो युवक फायरिंग के बाद बेलघरिया एक्सप्रेसवे से होकर फरार हुए है। उन्होंने हेलमेट पहना हुआ था। घटना के बाद थाने को सूचना दी गई। पुलिस कुछ ही देर में पहुंची और जांच शुरू कर दी। हालांकि, फायरिंग की वजह को लेकर कन्फ्यूजन है। जांच करने वाले सभी एंगल से जांच कर रहे हैं। घटना के आसपास के इलाके में भारी तनाव है।

# वसूली को लेकर आपस में भिड़ा नपुंसकों का दो पक्ष, इलाके में दहशत

**हुगली, समाज्ञा :** उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत आर.के. स्ट्रीट स्थित घड़ीबाड़ी आवासन में नपुंसकों के समूहों के बीच जोरदार मारपीट से तनाव फैल गया। हालात काबू में लाने के लिए उत्तरपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थति को नियंत्रण में लिया इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल कायम है। स्थानीय एक महिला ने बताया कि आये दिन नपुंसकों का गिरोह लोगों को परेशान करता है। जबरन घर में घुसकर मुहंमांगी रकम की मांग करता है, इनकार करने पर लोगों से मारपीट की जाती है यहां तक निवस्त्र होकर गलियां भी देते हैं। नपुंसक के हंगामें की सूचना आवासन के एक निवासी



ने थाने में फोन कर दी। शिकायत मिलते ही पुलिस पहुंची। उसके थोड़ी देर बाद नपुंसकों का एक और गुट वहां आ गया। इसके बाद जोरदार मारपीट शुरू हो गई। एक गुट का आरोप है कि पिछले कई दिनों से कुछ बाहरी बांग्लादेशी लोग नपुंसक बनकर घर-घर जाकर लोगों से जबरन वसूली कर रहे हैं और उनके पास से गांजा भी मिलता है। जिसका खामियाजा अन्य गट को भुगतना पड़ता है। पुलिस ने दोनों पक्षों को आवासन परिसर के बाहर लाकर शांत कराया और थाने ले गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# कोलाघाट में एसआईआर के कथित आतंक से वृद्धा की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले में एसआईआर से जुड़े भय के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत का मामला सामने आया है। कोलाघाट थाना क्षेत्र के भोगपुर में रहने वाली 83 वर्षीय काशीमन बीबी का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं था, साथ ही उनके बेटे का नाम भी सूची से गायब बताया गया। परिवार का कहना है कि नाम न होने के कारण काशीमन बीबी को देश से बेदखल किए जाने की आशंका सताने लगी थी, जिससे वह मानसिक तनाव और अवसाद से घिर गईं। गुरुवार देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और घर में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि एसआईआर के डर से हुए हृदयघात ने उनकी जान ले ली।

## मुर्शिदाबाद में एसआईआर के डर से वृद्ध की मौत

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में एक बार फिर एसआईआर के डर से मौत का मामला सामने आया है। इस बार घटना मुर्शिदाबाद की है। परिवार की ओर से आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति की मृत्यु एसआईआर के आतंक की वजह से हुई है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और राज्य में एसआईआर से जुड़ी मौतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मुर्शिदाबाद के भगवानगोला ब्लॉक के मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के बहादुरपुर मियापाड़ा में एक व्यक्ति की एसआईआर के डर से मौत हो गई। मृतक की पहचान 2025 की मतदाता सूची के अनुसार अकाली खान के रूप में हुई है, जबकि वर्ष 2002 के रिकॉर्ड में उनका नाम इरफान खान दर्ज था। परिवार के मुताबिक, दस्तावेजों में नाम की विसंगति के कारण एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही वह अत्यधिक मानसिक तनाव और चिंता में रहने लगे थे। विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें समस्या का कोई समाधान नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि अत्यधिक भय, तनाव और निराशा के चलते वे गुरुवार रात अचानक अस्वस्थ हो गए और हृदयाघात से उनकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि एसआईआर से उत्पन्न भय ने ही उनकी जान ले ली।

घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## आउसग्राम में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में 4 स्कूली बच्चों समेत 6 गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले के आउसग्राम थाना इलाके में एक जंगल में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों में से चार नाबालिग स्कूली बच्चे हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह घटना गत सोमवार की शाम की है। पीड़िता 9वीं कक्षा की छात्रा है। उसकी दोस्ती पड़ोस के 8वीं कक्षा के एक छात्रा से है। सोमवार की शाम उक्त सहेली पीड़ित नाबालिग के साथ केक खरीदने के लिए पड़ोस के पास एक दुकान पर ले गयी। दोनों जंगल के अंदर सड़क से एक साथ केक की दुकान पर जा रहे थे। कथित तौर पर, जब दोनों उस सड़क से जा रहे थे, तो इलाके के 6 लोगों ने उन्हें रोका। उनमें से दो युवक थे और बाकी चार नाबालिग थे। जब उन्होंने सड़क रोकी, तो सहेली भाग गई। लेकिन, युवकों ने नाबालिग लड़की को पकड़ लिया। फिर, वे उसे घसीटकर जंगल की ओर ले गए। जंगल में कथित तौर पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद, जब पीड़िता घई तो बीमार पड़ गई। पहले तो उसने लोक-लाज और धमकियों के डर से किसी को नहीं बताया। फिर, गुरुवार को उसने सबसे पहले स्कूल की एक दोस्त को बताया। उस दोस्त ने तुरंत स्कूल के एक टीचर को बताया। टीचर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने गुरुवार की रात को एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उसी रात छापेमारी कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ खास धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता को मेडिकल टेस्ट के लिए बर्दवान भेजा गया है।

# बहरमपुर में भारी मात्रा में गोला-बारूद और नकली नोट बरामद, दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर स्टेडियम इलाके से शुक्रवार को पुलिस ने एक पुरुष और एक महिला को भारी संख्या में अत्याधुनिक पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस और जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में पता चला कि यह हथियार बिहार लाए गए थे। असलहे के साथ गिरफ्तार तस्कर के नाम अल्फाज मंडल और मोनिका बीबी बताया गया है। दोनों ही मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी घोषपाड़ा के रहने वाले हैं। कुछ दिन पहले वे बिहार के मुंगेर गए थे। वहां से वे हथियार लेकर फरक्का आए और फरक्का से वे बस से बहरामपुर में पहुंचे थे। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष रसप्रीत सिंह ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और तलाशी के दौरान सेवन-पाइंट फाइव एमएम पिस्तौल और कारतूस मिले है। बरामद सभी पिस्तौल नई हैं। मैगजीन, कारतूस और जाली नोट भी मिले है। उन्होंने कहा कि बरहमपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह बरहमपुर स्टेडियम से सटे इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर आठ सेवन-पाइंट फाइव एमएम पिस्तौल, 16 मैगजीन, 100 राउंड कारतूस और 10,000 रुपये के जाली नोट बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए दोनों तस्कर उसी जिले के निवासी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये दोनों हथियार और जाली नोट किससे मिले और क्या उन्हें कहीं स्मगल करने का कोई प्लान था या फिर किसी आतंकी या अपराधी संगठन से साठगांठ हैं?

## डोमजूर में सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजूर थाना अंतर्गत दक्षिण बाड़ी इलाके में देर रात को हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई, जबकि टक्कर मारने वाली गाड़ी का ड्राइवर भी घायल हो गया। मृतकों की पहचान शेख नाजिम और मुस्ताक मलिक के रूप में की गई है। दोनों जगतबल्लभपुर के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार, गत गुरुवार की देर रात करीब 12.30 बजे हावड़ा के आमता रोड पर डोमजूर दक्षिण बाड़ी के पास एक दूध के ट्रक और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। पता चला है कि टक्कर के कारण ट्रक बाइक समेत सड़क किनारे नहर में पलट गया। कार के ड्राइवर और दोनों बाइक सवारों को मौके से बचा लिया गया। अस्पताल ले जाते समय दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## जगतबल्लभपुर में धान की कटाई के दौरान बालकनी गिरने से दो लोगों की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलुबेरिया के जगतबल्लभपुर थाना इलाके में झूले बरामदे के नीचे धान की कटाई के दौरान बरामदा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान निरंजन घोष (65) और देबा संतरा (36) के रूप में की गई हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जगतबल्लभपुर के पतिहाल ग्राम पंचायत के निजबलिया गांव निवासी निरंजन घोष के घर पर शुक्रवार को धान की कटाई चल रही थी। दक्षिण सियालडांगा इलाके का निवासी देबा संतरा धान थ्रेसर का काम करने के लिए निरंजन के घर गया था। झूले बरामदे के नीचे धान की कटाई चल रही थी। घर के मालिक, वृद्ध निरंजन, धान की कटाई की निगरानी के लिए वहां मौजूद था। दोपहर में बालकनी धमाके के साथ गिर गई। दोनों मलबे के नीचे दब गए। तेज आवाज सुनकर घर के लोग और पड़ोसी आस-पास से दौड़े। हालांकि, उन्हें मलबे से निकाला गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। बताया जा रहा है कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जगतबल्लभपुर थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों के शव बरामद किए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पता चला है कि घर काफी पुराना है। इसी वजह से बालकनी गिर गई।

## बिष्णुपुर में सड़क हादसे में एक स्कूली छात्र समेत दो लोगों की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बिष्णुपुर थाना अंतर्गत काचबागान चौराहे के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक स्कूली छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान स्कूली छात्र उमर मलिक (7) और सोहेल शेख (22) के रूप में की गई हैं। उमर मलिक स्थानीय चकमानिक रामकृष्ण पाठमंदिर स्कूल में दूसरी कक्षा का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में स्कूली छात्र पड़ोसी युवक की बाइक से स्कूल जा रहा था। बखराहट की तरफ से चकमानिक में स्कूल जाते समय, काचबागान चौराहे के पास सड़क के बाईं ओर एक मालगाड़ी आ रही थी। मालगाड़ी के दाईं ओर से गुजरते समय, दोनों अपनी बाइक के साथ सड़क पर गिर गए। इसके बाद, दोनों लॉरी के पिछले पहियों के नीचे कुचल गए। स्थानीय लोगों ने बिष्णुपुर थाने को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को खून से लथपथ हालत में निकाला और अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्यारी गाड़ी के साथ गाड़ी का मालिक फरार हो गया है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## झामुमो के सोमेश सोरेन ने झारखंड विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**रांची:** हाल में हुए घाटशिला उपचुनाव में विजयी झामुमो नेता सोमेश चंद्र सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी और अन्य की उपस्थिति में विधानसभा परिसर स्थित अपने कक्ष में सोमेश को पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें बधाई देते हुए लिखा, घाटशिला से युवा नेता सोमेश चंद्र सोरेन को विधानसभा के माननीय सदस्य के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और जोहार।

## कोटा में जेईई अभ्यर्थी की इमारत की नौवीं मंजिल से गिरने से मौत

**कोटा (राजस्थान):** कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे भोपाल के 17 वर्षीय छात्र की शुक्रवार दोपहर को एक बहुमंजिला इमारत की नौवीं मंजिल से कथित तौर पर गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृत लड़के की पहचान मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी ईशान पालीवाल (17) के रूप में हुई, जो संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा था और शहर के जवाहर नगर पुलिस थाना क्षेत्र में अपनी मां के साथ रहता था। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) योगेश शर्मा ने कहा कि किशोर इमारत की बालकनी से गिर गया और कुछ देर बाद एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शर्मा ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि छात्र की मौत दुर्घटना थी या आत्महत्या। उन्होंने बताया कि जांच के लिए साक्ष्य जुटाने के वास्ते एफएसएल दस्ते को घटनास्थल पर भेजा गया है। डीएसपी ने कहा कि घटना के समय ईशान की मां उसके साथ थीं। उन्होंने बताया कि बेटे की मौत के बाद वह सदमे में हैं।

## राजस्थान में भारतीय वन सेवा के 33 अधिकारियों के तबादले

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 33 अधिकारियों के तबादले किए और चार अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इस बारे में आदेश जारी किया। इसके तहत प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक शिखा मेहरा का तबादला प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) पद पर किया गया है। वहीं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (श्रम एवं विधि) डॉ. वेंकटेश शर्मा को राजस्थान राज्य व विकास निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

## राजस्थान में वाहनों में आग लगने से दो लोगों की मौत: पुलिस

**जयपुर:** राजस्थान में वाहनों में आग लगने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोग जिंदा जल गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार चूरू जिले में बस से टक्कर के बाद सीएनजी चालिएत एक कार में आग लग गई और इस हादसे में ज्वैलर ओमप्रकाश सोनी(22) की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि सोनी रतनगढ़ (चूरू) से फतेहपुर (सीकर) जा रहे थे, जबकि बस जयपुर से चूरू की ओर आ रही थी। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद कार में लगा सीएनजी सिलेंडर फट गया जिससे आग लग गई। पुलिस ने कहा, सोनी कार में फंस गए और जिंदा जल गए। अग्निशमन कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया तो उनका जला हुआ शव मिला।' पुलिस ने बताया कि दौसा जिले में एक अन्य हादसे में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कंटेनर ट्रक एक खंभे से टकरा गया जिसके बाद उसमें आग लग गई। इस हादसे में चालक की मौत हो गई।

## बलिया में नाबालिग किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की एक विशेष अदालत ने 12 वर्षीया किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के ढाई वर्ष पुराने मामले में आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) प्रथम कांत की अदालत ने बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी बरेली जिले के निवासी शिवा मौर्या उर्फ सूबे गांधी को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# बिहार में राहुल हुए फेल : 51 में प्रचार, जीत सिर्फ 4 सीटों पर



**पटना:** बिहार के हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सात जिलों में 13 सभाएं कर 51 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे, लेकिन जीत सिर्फ चार सीट पर ही मिली। राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा दोनों नेताओं ने कुल मिलाकर दर्जनों जिलों में 21 सभाएं कीं थी, जिसमें 105 सीटों को कवर किया, परंतु जीत दर बेहद कम रही। इस चुनाव में कांग्रेस ने महागठबंधन के घटक के रूप में 61 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने सात जिलों में 13 जनसभाएं कीं, जिनमें 51 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया गया। इसके बावजूद कांग्रेस केवल चार सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी और राहुल गांधी की सभाओं का जीत का स्ट्राइक रेट करीब आठ फीसदी रहा। चुनाव से पहले राहुल गांधी ने राज्य में 'वोटर अधिकार यात्रा' भी निकाली थी, जिसमें उन्होंने 18 जिलों का भ्रमण किया। इस दौरान दो सभाओं में उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव भी उपस्थित रहे। मल्लाह समुदाय को साधने के प्रयास में वे वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ तालाब में भी उतरे थे। पहले चरण के तहत राहुल गांधी ने 29 अक्टूबर को सकरा (सुरक्षित), मुजफ्फरपुर और राजा पाकड़ (सुरक्षित) के उम्मीदवारों के पक्ष में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ संयुक्त सभा की। उन्होंने 30 अक्टूबर को उन्होंने नालंदा के हरनौत, पटना के बाढ़ और लखीसराय के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। दो नवंबर को बेगूसराय और खगड़िया में सभाएं हुईं, जिसमें मछुआरा समाज के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में सहनी भी विशेष रूप से मौजूद थे। बीते चार नवंबर को उन्होंने औरंगाबाद, कुटुंबा और वजीरगंज में सभाएं कीं, जबकि छह नवंबर को कसबा, बनमनखी, अमौर, अररिया , मनिहारी और फारबिसगंज में प्रचार किया। सात नवंबर को अमरपुर, सुलतानगंज, भागलपुर और कहलगांव में सभाएं की गईं, जबकि नौ नवंबर को बहादुरगंज, किशनगंज और कसबा में जनसभाएं हुईं। राहुल गांधी की जिन सीटों पर सभाएं हुईं, उनमें से केवल फारबिसगंज, अररिया, किशनगंज और मनिहारी सीटों पर ही कांग्रेस को जीत मिली। इसी प्रकार कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पहले चरण में बछवाड़ा और बेलदौर में सभाएं कीं। तीन नवंबर को सोनबरसा (सुरक्षित), रोसड़ा (सुरक्षित) और लखीसराय में कार्यक्रम हुए। पांच नवंबर को पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि नगर और चनपटिया में प्रचार किया गया। छह नवंबर को रीगा, गोविंदगंज और बेनीपट्टी में सभाएं हुईं, जबकि अंतिम चरण में कदवा, बरारी और पूर्णिया में चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। प्रियंका गांधी की सभाओं के बावजूद जीत केवल वाल्मीकि नगर और चनपटिया में ही मिली।

## उद्योगपति की बेटी की शादी के लिए उदयपुर में जुटेंगी दुनियाभर की कई प्रमुख हस्तियां

**उदयपुर:** राजस्थान के उदयपुर में अमेरिका के दिग्गज उद्योगपति राजू रामलिंगा मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना की शादी होने वाली है जिसमें दुनियाभर की प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार शादी में हॉलीवुड और बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा राजनीति तथा उद्योग जगत के दिग्गज भी शामिल होंगे। इस शादी की तैयारियों से जुड़े व स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय मूल के वामसी गडिराजू और नेत्रा मंटेना ने अपने विवाह समारोह के लिए 'झीलों के शहर' उदयपुर को चुना है। विवाह समारोह के कार्यक्रम 21 नवंबर से 24 नवंबर तक चलेंगे। ये कार्यक्रम विख्यात उदयपुर सिटी पैलेस के माणक चौक तथा जनाना महल के साथ-साथ जगमंदिर और द लीला पैलेस होटल में होने हैं। इस शादी में शामिल होने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के भी 21 नवंबर को सपरिवार उदयपुर पहुंचने की उम्मीद है और वह चार दिन यहां रुकेंगे।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड के पलामू में 80 करोड़ रुपये का तस्करी किया हुआ सांप का जहर जब्त, सात आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर:** वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और वन विभाग की एक संयुक्त टीम ने झारखंड के पलामू जिले में सांप के जहर की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है और इसमें संलिप्तता के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीम ने 80 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 1,200 ग्राम सांप का जहर और 2.5 किलोग्राम पैंगोलिन के शल्क बरामद किए। मेदिनीनगर के जिला वन अधिकारी सत्यम कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुधवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया था। दिन में गिरफ्तार किए गए चारों लोगों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पहले गिरफ्तार किए गए एक बुजुर्ग व्यक्ति और उसके बेटे सहित तीन आरोपियों को पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीएफओ ने कहा कि इस गिरोह में कई अन्य लोगों के शामिल होने का अनुमान है और छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने बताया, जब्त किए गए जहर की कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये है, जबकि पैंगोलिन के शल्कों की कीमत 15-20 लाख रुपये आंकी गई है।

### लखनऊ में रविवार से शुरू होगा राष्ट्रीय जंबूरी, 32,000 स्काउट एवं गाइड के शामिल होने की संभावना

**लखनऊ:** लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी स्थित 'डिफेंस एक्सपो ग्राउंड' में 19वें भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय जंबूरी की शुरुआत रविवार 23 नवंबर से होगी और यह आयोजन 29 नवंबर तक चलेगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार 61 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद उत्तर प्रदेश इस प्रतिष्ठित 'हीरक जयंती' संस्करण की मेजबानी कर रहा है, जो राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण है। 'भारत स्काउट एवं गाइड' की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। 300 एकड़ में फैले जंबूरी परिसर में 32,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इन प्रतिभागियों के अलावा 3,000 स्टाफ सदस्यों के लिए परिसर को तैयार किया जा रहा है। नेपाल, श्रीलंका, भूटान, अफगानिस्तान सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के प्रतिनिधि भी इसमें हिस्सा लेंगे, जिससे इसका अंतरराष्ट्रीय महत्व और बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को इसका स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्वस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे।

### आईआईएम रांची बना कमिन्स इंडिया की 'रीडिफाइन 2025' प्रतियोगिता का विजेता, आईएसबी मोहाली उपविजेता

**रांची :** कमिन्स इंडिया की प्रतिष्ठित वार्षिक बी-स्कूल केस स्टडी प्रतियोगिता 'रीडिफाइन 2025' के आठवें संस्करण में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रांची की टीम क्रो ने विजेता ट्रॉफी और नकद पुरस्कार हासिल किया। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) मोहाली की टीम विजनियर्स उपविजेता रही। सोशल मीडिया प्रतियोगिता में भी आईआईएम रांची ने सबसे अधिक एंगेजमेंट प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। बैकअप से बैकबोन तक: ड्राइविंग द एनर्जी शिफ्ट थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में देशभर के 19 प्रमुख बी-स्कूलों से 2,151 टीमों के 6,453 छात्रों ने हिस्सा लिया। कई चरणों के बाद छह टीमों ने पुणे में आयोजित ग्रैंड फिनाले में प्रस्तुति दी। दो-दिवसीय कार्यक्रम में नेतृत्व सत्र, नेटवर्किंग, और कमिन्स तकनीकी केंद्र व इंजन प्लांट का दौरा भी शामिल था। कमिन्स इंडिया की एचआर लीडर अनुपमा कौल और चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर सुब्रमण्यिन चिदंबरन ने विजेता टीमों की नवाचार क्षमता और रणनीतिक सोच की सराहना की। फाइनलिस्ट टीमों का मूल्यांकन कमिन्स इंडिया के वरिष्ठ नेतृत्व ने किया।

## बिहार में पहली बार वोट खरीदे गए: प्रशांत किशोर का आरोप



**बेतिया:** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दावा किया कि देश के इतिहास में पहली बार राज्य में वोट खरीदे गए और एक करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये जमा कराए गए। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक दिन की भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में किशोर ने कहा, अगर मैं गलत कह रहा हूं तो बिहार सरकार मुझे जेल भेज दे। राज्य सरकार के पास निधि नहीं थे, इसलिए राज्य के आकस्मिकता निधि से राशि ली गई और विश्व बैंक के अनुदानों का भी इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महिलाओं को दो लाख रुपये देने का वादा किया था। किशोर ने कहा, हम बिहार की महिलाओं को यह रकम दिलवा कर रहेंगे।' किशोर ने घोषणा की कि 15 जनवरी के बाद जन सुराज कार्यकर्ता राज्य के सभी 1.18 लाख वार्डों में जाकर लोगों को बताएंगे कि उनके वोट किस तरह खरीदे गए। उन्होंने कहा कि उसी दिन से 'बिहार नव निर्माण संकल्प' अभियान की शुरुआत होगी, जिसमें वह स्वयं अगले 15 से 18 महीनों में राज्य के हर घर तक पहुंचेंगे।

## उपमुख्यमंत्री पद की मांग कर 'लालची' नहीं दिखना चाहता: चिराग पासवान



**पटना:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि वह बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की मांग कर लालची नहीं दिखना चाहते और राज्य की नयी सरकार में लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के दो विधायकों को मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चिराग ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी के रूप में वह बिहार से बाहर भी पार्टी का विस्तार करना चाहते हैं और पश्चिम बंगाल, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में संगठन को मजबूत करने की योजना पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। हाजीपुर से सांसद ने कहा, मैं उपमुख्यमंत्री पद की मांग कर लालची नहीं दिखना चाहता। पार्टी के विस्तार को लेकर उन्होंने कहा, बिहार विधानसभा चुनाव में 19 सीट जीतने के बाद अब हम पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब में पार्टी का आधार बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। इन राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव हम राजग के सहयोगी के रूप में लड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2009, पार्टी के लिए सबसे कठिन समय था, लेकिन 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लोजपा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की। चिराग ने कहा कि वह पिता (दिवंगत राम विलास पासवान) के निधन के बाद भी अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर अडिग रहे। इससे पहले, उन्होंने घोषणा की कि 28 नवंबर को पार्टी का स्थापना दिवस पटना में भव्य रूप से मनाया जाएगा और जनवरी में 'ख़रमास' समाप्त होने के बाद पार्टी पूरे बिहार में यात्रा शुरू करेगी, जिसमें राज्य की छोटी-छोटी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चिराग ने कहा कि दलित सेना का पुनर्गठन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी अरुण भारती को सौंपी गई है।

## यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को जन्मदिन पर योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने बधाई दी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दीं। वहीं, राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल का जन्मदिन सादगी पूर्वक मनाया गया। इस दौरान पटेल ने अच्छाइयों का संकल्प लेकर आगे बढ़ने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर राज्यपाल को बधाई दी। योगी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपका स्नेहिल व्यक्तित्व, मातृवत् संवेदना और समाज सेवा के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की प्राप्ति हो।' उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर अपने एक बधाई संदेश में कहा, 'उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, आपको जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ व प्रसन्न रहें।' उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर राज्यपाल को बधाई दी।

## राजस्थान: कोटा में लोगों को धर्म बदलने के लिए उकसाने के आरोप में पादरी समेत दो लोगों पर मामला दर्ज

**कोटा:** कोटा में आयोजित तीन दिवसीय एक धार्मिक कार्यक्रम में लोगों को धर्म बदलने के लिए उकसाने के आरोप में एक पादरी समेत दो लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात को लागू किए गए नए 'राजस्थान अवैध धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम' के तहत मामला दर्ज किया गया। दो आरोपियों में से एक दिल्ली का और दूसरा एक स्थानीय चर्च का है। इन दोनों ने राजस्थान सरकार को कथित तौर पर 'शैतान का राज' बताया और एक चर्च में हिंदू समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। आपत्तिजनक टिप्पणियों वाले वीडियो इंटरनेट पर सामने आने के बाद हिंदू संगठनों के स्वयंसेवकों ने बोरखेड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। बोरखेड़ा के क्षेत्र अधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बृहस्पतिवार रात प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी पादरी चांदी वर्गीज और कोटा के बीरशेबा चर्च के अरुण जॉन पर भारतीय न्याय संहिता और राजस्थान के धर्मांतरण निरोधक कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। भारद्वाज ने कहा कि जांच जारी है।

## वृन्दावन से अपहृत बालिका को आठ दिन बाद झांसी से मुक्त कराया गया, अपहर्ता गिरफ्तार

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वृन्दावन से अपहृत बच्ची को पुलिस ने झांसी से मुक्त कराते हुए अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना वाले दिन बच्ची अपनी मां के साथ गौरी गोपाल आश्रम गई थी, जहां से उसका अपहरण कर लिया गया। सदर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि अलीगढ़ के पालर गांव का निवासी राम अपनी पत्नी सोनिया और पांच साल की बेटी जया के साथ पिछले डेढ़ साल से वृन्दावन में रह रहा है। राम राजमिस्त्री का काम करता है। पुलिस के अनुसार 12 नवम्बर को शाम करीब पांच बजे सोनिया बेटी जया के साथ गौरी गोपाल आश्रम गई। वहीं से एक युवक ने बच्ची का अपहरण कर लिया और ऑटो रिक्शा से उसे लेकर चला गया। बालिका के अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आश्रम में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जिसमें एक युवक दिखा जो बालिका को अपने साथ ले जा रहा था। पुलिस ने उसकी पहचान कर तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने बालिका को झांसी से मुक्त करा लिया और अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बच्ची को परिजनों को सौंपने के बाद आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। बालिका ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।

## महिला की हत्या कर शव दफनाने वाले दो लोग किशोर के बनाए वीडियो से पकड़े गए

**नोएडा (उत्तर प्रदेश):** गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में एक महिला की कथित तौर पर हत्या कर शव को खंडहर में दफना रहे दो लोगों का वहां मौजूद एक किशोर ने वीडियो रिकॉर्ड कर दिया। किशोर द्वारा वीडियो पुलिस को दिए जाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान बंटी सिंह और राकेश कुमार के रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और महिला के पति महेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। जेवर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जहांगीरपुर कस्बे में किराए के मकान में रहने वाली रंजना (35) की 19 नवंबर की रात पड़ोसी बंटी और राकेश ने गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया, "हत्या को छिपाने के लिए 20 नवंबर को दोनों आरोपियों ने रंजना के शव को कमरे में पंखे पर फंदे से लटका दिया।

## बिहार: कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, असंतुष्ट नेताओं ने किया प्रदर्शन



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के एक सप्ताह बाद कांग्रेस की प्रदेश इकाई में शुक्रवार को उस वक्त घमासान मच गया जब पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा ने टिकट न मिलने के विरोध में पद से इस्तीफा दे दिया, जबकि असंतुष्ट नेताओं ने कारण बताओ नोटिस को खारिज करते हुए प्रदेश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। फातिमा ने कहा कि केवल आठ प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को टिकट दिए जाने और स्वयं को भी अवसर न मिलने के विरोध में वह पद छोड़ रही हैं, जबकि मेरे सभी पूर्ववर्तियों को पार्टी ने चुनावी टिकट दिया था। उन्होंने कहा, मैं 28 महीनों से महिलाओं से यह कहकर कांग्रेस के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही थी कि पार्टी उनके राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए काम करेगी। लेकिन जब टिकट बंटवारे की बारी आई तो 61 उम्मीदवारों में केवल आठ प्रतिशत महिलाएं थीं। उन्होंने कहा, मुझसे पहले विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाली कम से कम 12-13 महिलाएं इस पद (कांग्रेस की महिला इकाई का अध्यक्ष पद) पर रह चुकी हैं और सभी को टिकट मिला। लेकिन मुझे मौका नहीं मिला। इसलिए मैं इस्तीफा दे रही हूं। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में असंतुष्ट नेता टिकट चोर पार्टी छोड़ जैसे नारे लगाते देखते गए।

# भारत हजारों वर्षों से पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता रहा है : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत हजारों वर्षों से पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता रहा है। योगी आदित्यनाथ ने यहां सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित विश्व के प्रधान न्यायाधीशों एवं न्यायाधीशों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में 'वसुधैव कुटुंबकम' का उद्घोष करते हुए कहा कि 'भारत हजारों वर्षों से पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानता रहा है।' उत्तर प्रदेश की राजधानी में अतिथियों के आगमन पर राज्य सरकार और यहां के लोगों की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए योगी ने कहा, 'दुनिया का कोई मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जिसे उसके संकट के समय में भारत ने शरण न दी हो या उसे आगे बढ़ाने और उसके संरक्षण में अपना योगदान न दिया हो।' योगी ने कहा, 'आज हम दुनिया भर से जुड़े न्यायविदों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में यहां पर उपस्थित हुए हैं। इस अवसर पर सीएमएस लखनऊ के संस्थापक डॉक्टर जगदीश गांधी की स्मृतियों को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, 'उन्होंने ही वैश्विक एकता, शांति और न्याय के लिए प्रधान न्यायाधीशों के अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत की।' योगी ने कहा, 'हमें इस बात को कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि वास्तव में दुनिया की समस्या क्या है और कहीं न कहीं जब हम इसके तह में जाते हैं तो लगता है कि एक-दूसरे के बीच में "संवाद" नहीं है या किन्हीं कारणों से स्वयं के वर्चस्व को स्थापित करने के लिए इसे बाधित किया गया है।' उन्होंने कहा, 'यह सम्मेलन वास्तव में दुनिया भर की मानवता के लिए संवाद का एक माध्यम है, उन लोगों के लिए जिन लोगों ने अपना स्वयं का वर्चस्व स्थापित करने के लिए दुनिया में अशांति और अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास किया है।' उन्होंने कहा, "दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे के संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा और विकास अपने आप में बेमानी दिखता है और उन स्थितियों में हम सबको विचार करना चाहिए कि कैसे इन समस्याओं के समाधान के लिए हर एक स्तर पर प्रयास किये जाने की जरूरत है, हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को संयुक्त राष्ट्र (संरा) की उस घोषणा को भी स्मरण करना होगा, जिसमें 'सतत विकास लक्ष्य' के बारे में दुनिया के देशों से आह्वान किया गया था। सतत विकास लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन, रोजगार-कौशल विकास, पर्यावरण और वन संपदा की रक्षा के विषयों पर आधारित हैं।

## गोरखपुर के तेल संयंत्र में लगी आग 12 घंटे बाद भी बेकाबू, लखनऊ-दिल्ली से पहुंचे विशेषज्ञ



**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर के एक तेल संयंत्र (चावल की भूसी से बनने वाला तेल जिसे ब्रान आयल भी कहते हैं) में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे भीषण आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संयंत्र में लगी आग 12 घंटे से अधिक समय बाद भी धधकती रही और ऊंची-ऊंची लपटों को देखा जा सकता था। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। आग लगभग 25,000 लीटर तेल वाले एक टैंक में लगी, जिससे आग बुझाने का काम बहुत मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि सुबह से दमकल की 25 गाड़ियों की लगातार कोशिशों के बावजूद, देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, जबकि लखनऊ से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम और दिल्ली से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को मौके पर भेजा गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार के मुताबिक, एहतियात के तौर पर 500 मीटर के दायरे में सभी 600 छोटी और मध्यम फैक्टरियों को बंद करा दिया गया है। लोगों की पहुंच रोकने के लिए पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग के कर्मचारियों को डर है कि अगर आग टैंक के अंदर तक पहुंच गई तो विस्फोट हो सकता है, इसलिए लगातार पानी डालकर उसे ठंडा करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना गोरखपुर औद्योगिक विकास क्षेत्र (गीडा) के सेक्टर-15 में रूंगटा इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुई। उन्होंने कहा कि आग भूमिगत ऑयल टैंक से जुड़ी आपूर्ति पाइपलाइन में लगी। जैसे ही आग की लपटें बढ़ीं, कर्मचारियों ने जगह खाली कर दी। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग की कई टीम ने स्थिति को संभालने के लिए चार खास इकाइयां बनाईं और घंटों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लाल किला विस्फोट: अदालत ने एनआईए मुख्यालय में वकील से मिलने की आरोपी की याचिका को नामंजूर किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने लालकिले के निकट धीमी गति से चलती कार में हुए विस्फोट मामले के सह-आरोपी जसीर बिलाल वानी की उस याचिका पर आदेश पारित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें एनआईए मुख्यालय में वकील से मुलाकात करने देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि आरोपी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मुख्यालय में अपने वकील से मुलाकात करने देने की अनुरोध याचिका को खारिज करने संबंधी निचली अदालत का कोई भी आदेश दिखाने में विफल रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी कोई विशेष व्यक्ति नहीं है, तथा अदालत में एक निश्चित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए और उसके लिए कोई नयी प्रक्रिया नहीं बनाई जा सकती।

### कर्नाटक में एक परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या की

**धारवाड़ :** कर्नाटक में एक परिवार के चार सदस्यों ने कथित तौर पर कर्ज के दबाव के कारण शुक्रवार को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस जिले के धारवाड़ तालुक स्थित चिक्कमल्लीगावाड़ गांव में यह घटना घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान विट्ठल शिंदे (80), उनके पुत्र नारायण शिंदे (42) तथा पोते शिवकुमार शिंदे (12) और श्रीनिधि शिंदे (11) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने सुबह येल्लम्मा मंदिर के पास स्थित एक कुएं में छलांग लगा दी। बाद में चरवाहों ने शव को देखा, तब घटना का पता चला। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि नारायण अपने पिता और दो बच्चों के साथ कुएं में कूद गया। बताया जा रहा है कि एक बच्चा स्कूल ड्रेस में था।

### दो साल की बच्ची से 'डिजिटल बलात्कार' के दोषी को 25 साल के सश्रम कारावास की सजा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने दिवाली की पूर्व संध्या पर पिछले माह दो साल की बच्ची के साथ 'डिजिटल बलात्कार' के दोषी को 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि यह 'डिजिटल बलात्कार' का मामला है, इसलिये मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबिता पुनिया ने 20 नवंबर के आदेश में कहा कि विधायिका ने 'डिजिटल प्रवेशन' और 'लैंगिक प्रवेशन' में कोई भेद नहीं किया है। अदालत 30 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे 19 नवंबर को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह (गंभीर यौन हमला) के तहत दोषी ठहराया गया था। दोषी ने 20 अक्टूबर को इस अपराध को अंजाम दिया था और इस मामले की जांच व मुकदमे की सुनवाई एक महीने के भीतर पूरी कर ली गई थी।

### बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन सकता है कम दबाव का क्षेत्र : आईएमडी

**भुवनेश्वर :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को अनुमान जताया कि दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है और यह 24 नवंबर के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव में बदल सकता है। बुलेटिन में कहा गया है, दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर 22 नवंबर को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने और 24 नवंबर के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर तीव्र होकर एक दबाव के रूप में बदलने का अनुमान है। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती से जब पूछा गया कि क्या यह प्रणाली चक्रवात का रूप ले सकती है तो उन्होंने कहा कि आईएमडी ने अब तक दबाव का पूर्वानुमान जताया है। उन्होंने कहा, हम 22 नवंबर को कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद अधिक जानकारी देंगे। इस बीच राज्य में बारिश के अनुमान के कारण तटीय ओडिशा के किसानों ने लगभग पक चुकी अपनी धान की फसल की कटाई शुरू कर दी है।

# भारत में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं अपने अंतरंग साथी की हिंसा का शिकार होती हैं : डब्ल्यूएचओ



**नयी दिल्ली :** भारत में वर्ष 2023 में 15-49 वर्ष आयु वर्ग की पांच में से अधिक यानी लगभग 20 प्रतिशत महिलाओं को अंतरंग साथी द्वारा हिंसा का सामना करना पड़ा जबकि लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं अपने जीवनकाल में ऐसी हिंसा से प्रभावित हुई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक नयी वैश्विक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वभर में लगभग तीन में से एक व्यक्ति यानी लगभग 84 करोड़ लोग अपने जीवनकाल में साथी या यौन हिंसा का शिकार हुए हैं और यह आंकड़ा वर्ष 2000 के बाद से लगभग नहीं बदला है। इसमें कहा गया है कि विश्वभर में 15-49 वर्ष की आयु की 8.4 प्रतिशत महिलाओं को गैर-साथी द्वारा यौन हिंसा का सामना करना पड़ा है। भारत में, अनुमानतः 15 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग की लगभग चार प्रतिशत महिलाओं को गैर-साथी द्वारा यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा, ''महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानवता की सबसे पुरानी और सबसे व्यापक ज्यादतियों में से एक है, फिर भी इस पर सबसे कम कार्रवाई की जाती है।'' घेब्रेयेसस ने कहा, ''कोई भी समाज खुद को निष्पक्ष, सुरक्षित या स्वस्थ नहीं कह सकता जब तक कि उसकी आधी आबादी भय के माहौल में जी रही हो। इस हिंसा को समाप्त करना केवल नीतिगत मामला नहीं है; यह सम्मान, समानता और मानवाधिकारों का मामला है।'' उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित विश्व बनाना सभी के लिए अच्छा है। पच्चीस नवंबर को मनाए जाने वाले ''महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस'' से पहले प्रकाशित रिपोर्ट में लेखकों ने कहा, ''इस रिपोर्ट में प्रस्तुत अनुमान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा वैश्विक स्तर पर व्यापक रूप से फैली हुई है, जो सभी देशों और क्षेत्रों की महिलाओं को प्रभावित कर रही है।''

## देहरादून: पहचान बदलकर रह रहा बांग्लादेशी युवक और उसकी पत्नी के रूप में रह रही भारतीय महिला गिरफ्तार



**देहरादून :** फर्जी दस्तावेजों के जरिए पहचान बदलकर अवैध रूप से देहरादून में रह रहे एक बांग्लादेशी युवक तथा उसके साथ उसकी पत्नी के रूप में रह रही एक भारतीय महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि सचिन चौहान की फर्जी पहचान से यहां के एक क्लब में बाउंसर का काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिक ममून हसन (28) के जाली आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य पहचान पत्र, उसके साथ पत्नी बनकर रह रही रीना चौहान ने अपने परिचितों की मदद से बनवाए थे। रीना देहरादून जिले के त्यूणी क्षेत्र की रहने वाली है और वह हसन के संपर्क में फेसबुक के माध्यम से आयी थी। एसएसपी ने बताया कि नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में एक संदिग्ध पुरुष और उसके साथ रहने वाली एक महिला के बारे में बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि पूछताछ में व्यक्ति ने अपना असली नाम बांग्लादेश के मेहरपुर जिले का रहने वाला ममून हसन बताया। उन्होंने बताया कि सख्ती से पूछताछ में महिला रीना ने बताया कि वह फिलहाल हसन के साथ अलकनंदा इन्क्लेव कॉलोनी में किराये पर रह रही है और उसी ने उसके भारत के नागरिक होने के फर्जी प्रमाणपत्र अपने पूर्व पति सचिन चौहान के नाम पर बनवाए थे। सिंह ने बताया कि षड्यंत्र कर फर्जी पहचान पत्र बनवाकर अवैध रूप से भारत में निवास करने पर हसन तथा रीना के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 420/467/468/471/120 बी तथा पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 की धारा तीन व विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सीएए विरोधी प्रदर्शनों का उद्देश्य बांग्लादेश, नेपाल की तरह सत्ता परिवर्तन करना था: पुलिस

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने फरवरी 2020 के दंगों के मामले में कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिका का विरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कोई साधारण धरना नहीं था, बल्कि बांग्लादेश और नेपाल की तरह सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से किया गया था। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ को बताया कि दिल्ली दंगे ताहिर हुसैन, शिफा उर रहमान, मीरान हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी सहित कई आरोपियों की संलिप्तता वाली साजिश का नतीजा थे। एक गवाह के बयान का हवाला देते हुए, राजू ने कहा कि षड्यंत्रकर्ताओं ने हिंसा की योजना बनाई, हालात बिगाड़ने और ''असम को भारत से अलग करने'' के लिए चक्का जाम किया, तथा दंगाइयों को संगठित किया। राजू ने पीठ से कहा, ''यह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 का एक स्पष्ट मामला है, जहां आतंकवादी कृत्य, हत्या आदि की साजिश रची जाती है। यह सीएए के खिलाफ एक साधारण धरना नहीं था, यह शासन परिवर्तन के लिए था।'' उन्होंने कहा, ''धरना देने गए सभी लोग लाठियां, तेजाब की बोतलें लेकर गए थे। वे बांग्लादेश और नेपाल की तरह सत्ता परिवर्तन चाहते थे। उनके मन में संविधान के प्रति सम्मान नहीं है।'' पीठ अब इस मामले पर 24 नवंबर को सुनवाई करेगी।

## आरएसएस प्रमुख ने इंफाल में जनजातीय नेताओं के साथ बैठक में सामाजिक एकता का आह्वान किया



**इंफाल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को इंफाल में जनजातीय नेताओं के साथ बैठक के दौरान सामाजिक एकता का आह्वान किया और दोहराया कि उनका संगठन ''समाज को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है।'' मणिपुर के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी के खिलाफ नहीं है; इसका गठन समाज को नष्ट करने के लिए नहीं, बल्कि समाज को समृद्ध करने के लिए किया गया है।'' उन्होंने कहा कि संघ न तो राजनीति करता है और न ही किसी संगठन को 'रिमोट कंट्रोल' से चलाता है, तथा यह केवल मित्रता, स्नेह और सामाजिक सद्भाव के माध्यम से काम करता है। भारत की सभ्यतागत निरंतरता पर जोर देते हुए भागवत ने कहा, ''हम अपनी साझा चेतना के कारण एकजुट हैं। अपनी सुंदर विविधता के बावजूद, हम एक सभ्यतागत परिवार के सदस्य हैं। एकता के लिए एकरूपता की आवश्यकता नहीं होती।'' भागवत ने समाज को एकजुट करने के लिए आरएसएस संस्थापक डॉ. के.बी. हेडगेवार के प्रयासों को याद करते हुए कहा कि संघ की स्थापना बाहरी ताकतों की प्रतिक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि आंतरिक फूट को दूर करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा, ''आरएसएस एक व्यक्ति-निर्माण और चरित्र-निर्माण आंदोलन है।''

## बिहार चुनाव प्रधानमंत्री की नीतियों का समर्थन, कांग्रेस की राजनीति की अस्वीकृति है: प्रधान

**भुवनेश्वर :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की पुष्टि और कांग्रेस की ''नकारात्मक'' राजनीति की अस्वीकृति हैं। प्रधान ने यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''मैं विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता के फैसले के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को पूरी मान्यता दी है।'' राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीट जीतकर सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। प्रधान ने कहा, ''जब तक देश के पूर्वी हिस्से विकसित नहीं हो जाते, भारत की प्रगति की कल्पना करना बेमानी है। दो दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद राजग ने बिहार चुनाव में जीत हासिल की। यह प्रधानमंत्री की शासन-शैली की बड़ी स्वीकृति है।''

## मुंबई हवाई अड्डे पर 53 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, सोना, हीरे जब्त, 20 लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले सप्ताह विभिन्न अभियानों में 53 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के हाइड्रोपोनिक गांजा, सोना और हीरे जब्त किये और इस सिलसिले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि ये बरामदगियां 13 से 20 नवंबर के बीच विभिन्न अभियानों के दौरान की गईं। अभियान के पहले भाग में अधिकारियों ने सात अलग-अलग मामलों में 25.318 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजा (मारिजुआना) बरामद किया, जिसकी कीमत 25.318 करोड़ रुपये थी और इस सिलसिले में सात यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अन्य अभियानों में, सात मामलों में 26.981 करोड़ रुपये मूल्य का 26.981 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया और इन मामलों में आठ यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ के अलावा, इसी अवधि में सोने की तस्करी के चार मामलों का पता लगाया गया और चार यात्रियों के कब्जे से कुल 551 ग्राम 24 कैरट सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत 65.57 लाख रुपये है। एक अन्य मामले में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने 469.75 कैरट हीरे जब्त किए, जिनमें 43.5 कैरट प्राकृतिक और 426.25 कैरट कृत्रिम हीरे शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 54.13 लाख रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि कीमती सामान यात्री ने अपने शरीर में छुपा रखा था और उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल के गिरफ्तार गुर्गों ने ग्रेनेड हमले की योजना बनाई थी: पंजाब पुलिस



**लुधियाना :** लुधियाना में एक प्रमुख आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के एक दिन बाद, पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए दो गुर्गों को सीमावर्ती राज्य में सरकारी इमारतों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ग्रेनेड हमले करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि दो गुर्गे - दीपक उर्फ दीपू और राम लाल - बृहस्पतिवार को लुधियाना में गोलीबारी में घायल हो गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि सूचना मिलने पर जब लुधियाना में उन गुर्गों को रोका गया, तो दोनों ने गोलीबारी कर दी। उनकी कब्जे से दो ग्रेनेड और पांच अत्याधुनिक पिस्तौल सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि दीपक और राम लाल राजस्थान से लुधियाना आए थे। वे यहां दो दिनों से ठहरे हुए थे ताकि नियोजित हमले का समन्वय और क्रियान्वयन कर सकें। उन्होंने कहा, यह एक नए और खतरनाक रुझान की ओर इशारा करता है, जिसमें पाकिस्तान स्थित उनके आका जानबूझकर अन्य राज्यों के अपराधियों को पंजाब में आतंकी वारदातों के लिए भर्ती कर रहे हैं, ताकि वे निगरानी से बाहर रह सकें और उनकी पहचान करना मुश्किल हो। पुलिस के अनुसार, पाकिस्तान में रहने वाले आका जसवीर उर्फ चौधरी ने दोनों को सीमा राज्य में ग्रेनेड हमले करने का काम सौंपा था।

## गोधरा में घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत



**गोधरा :** गुजरात के गोधरा शहर में एक घर में आग लगने के बाद धुएं में दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना गंगोत्री नगर में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को हुयी। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान जौहरी कमल दोशी (50), उनकी पत्नी देवलबेन (45), और उनके बेटे देव (24) और राज (22) के तौर पर हुयी है। ए डिविजन पुलिस थाने के अधिकारी आर एम वसैया ने बताया कि नींद में ही उनकी मौत हो गयी। दोशी का परिवार अपने एक बेटे की सगाई की तैयारी कर रहा था, और उन्हें शुक्रवार की सुबह वापी के लिए निकलना था। वसैया ने कहा, ''प्रथम दृष्टया, ऐसा लगता है कि घर में लकड़ी के फर्नीचर में भूतल पर एक स्प्लिट एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। चारों की मौत धुएं के कारण दम घुटने से हुई।'' उन्होंने बताया कि मरने वालों में से एक आग की चपेट में आ गया था। उन्होंने बताया कि आग की सूचना मिलने पर दमकल विभाग के कर्मी जब मौके पर पहुंचे, तो उन्हें ये लाशें मिलीं।

## आइएफएफआई 2025 के ऐतिहासिक कार्निवल परेड की रंगारंग शुरुआत



**पणजी :** गोवा में गुरुवार को 56वां इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आइएफएफआई) 2025 भव्य अंदाज़ में शुरू हुआ। पंजिम में आयोजित ओपनिंग सेरेमनी एक शानदार सांस्कृतिक कार्निवल परेड के रूप में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की कला, संस्कृति और सिनेमा की विविधता को आकर्षक झांकियों और प्रस्तुतियों के जरिए दिखाया गया। इस बार उद्घाटन समारोह की शुरुआत परंपरागत तरीके से अलग रही। गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू और मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने तुलसी के पौधे को पानी देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरण संरक्षण का यह संदेश सभी मेहमानों के बीच चर्चा का विषय रहा। ओपनिंग परेड में देश के प्रमुख प्रोडक्शन हाउसों ने सिनेमा प्रेरित झांकियों के माध्यम से अपनी पहचान पेश की। एनएफडीसी ने अपने 50 वर्ष पूरे होने पर 'जाने भी दो यारों', 'द लंचबॉक्स', 'सलाम मुंबई' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों के यादगार पोस्टरों को प्रदर्शित करते हुए एक खास झांकी पेश की। महावतार नरसिम्हा को समर्पित आकर्षक झांकी समारोह का बड़ा आकर्षण रही। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि गोवा भारत का सबसे पसंदीदा शूटिंग डेस्टिनेशन बना है। उन्होंने वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत टूरिज्म सेक्टर और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी नीतियों को फिल्म इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने कहा कि आइएफएफआई भारतीय प्रतिभा और वैश्विक फिल्म समुदाय के बीच एक सेतु का काम कर रहा है। राज्यपाल राजू ने अपने पहले आइएफएफआई अनुभव को यादगार बताते हुए कहा कि इस वर्ष 84 देशों की 270 फिल्में प्रदर्शित होंगी, जो फेस्टिवल के अंतरराष्ट्रीय दायरे और सिनेमा की विविधता को दर्शाती हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के योगदान को भी याद किया। उद्घाटन के दौरान ब्राज़ीलियन फिल्म द ब्लू ट्रेल की स्क्रीनिंग हुई, जिसने बर्लिन फिल्म फेस्टिवल 2025 में ग्रैंड जूरी प्राइज जीता है। आइएफएफआई 2025 का समापन 28 नवंबर को ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी के साथ होगा, जबकि वेव्स फिल्म बाजार 24 नवंबर तक चलेगा।

### उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद धनखड़ का पहला सार्वजनिक संबोधन, आरएसएस की तारीफ की

**भोपाल :** स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए चार महीने पहले उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारों और एक मजबूत राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण की प्रशंसा की। धनखड़ ने अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही इस साल 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दे दिया था। शुक्रवार को उन्होंने आरएसएस के संयुक्त महासचिव मनमोहन वैद्य की लिखी किताब हम और यह विश्व का विमोचन किया।

### बिहार मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा... पृष्ठ 1 का शेषांश

सुरेंद्र मेहता को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन विभाग, रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और लखेन्द्र पासवान को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग सौंपा गया है। वहीं, श्रेयसी सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और खेल विभाग की जिम्मेदारी मिली है, जबकि प्रमोद चंद्रवंशी को सहकारिता विभाग तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सौंपा गया है। जनता दल यूनाइटेड कोटे से विजय चौधरी को जल संसाधन, भवन निर्माण और संसदीय कार्य विभाग, बिजेंद्र यादव को वित्त, वाणिज्यकर, उर्जा, योजना विकास की जिम्मेदारी दी गई है। बिजेंद्र यादव बिहार कैबिनेट में सबसे उम्रदराज मंत्री है। श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य, लेशी सिंह को खाद्य उपभोक्ता,मदन सहनी को समाज कल्याण ऑर्ब जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। लोजपा (रामविलास) के संजय कुमार को गन्ना उद्योग और संजय सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का मंत्री बनाया गया है। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दीपक प्रकाश को पंचायती राज की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन को लघु जल संसाधन विभाग का मंत्री बनाया गया है।

# हिमाचल का व्यक्ति 45 साल बाद अपने परिवार से मिला



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में 1980 में सिर में चोट लगने के बाद स्मृति खो बैठा और लापता हो गया सिरमौर जिले का 16 वर्षीय युवक रिखी 45 साल बाद अपने परिवार से मिला। हाल ही में एक बार फिर सिर पर चोट लगने के बाद उनकी याददाश्त लौट आयी थी। रिखी अब रवि चौधरी के नाम से पहचाने जाते हैं। पिछले सप्ताह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जब वह नाहन के पास अपने पैतृक गांव नाड़ी पहुंचे तो हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला। परिवार के सदस्य उन्हें देखकर आंसू बहा रहे थे क्योंकि वे उन्हें मृत मान बैठे थे। परिवार और ग्रामीणों ने रिखी का संगीत व फूलों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने चार दशक बाद अपने भाई-बहनों दुर्गा राम, चंदर मोहन, चंद्रमणि, कौशल्या देवी, कला देवी और सुमित्रा देवी से मिलकर उनके आंसू पोंछे। रिखी हरियाणा के यमुनानगर में एक होटल में काम करते थे, जब 1980 में अंबाला की यात्रा के दौरान एक बड़ी सड़क दुर्घटना में सिर पर चोट लगने से उनकी पूरी स्मृति चली गई और वह लापता हो गए थे। इसके बाद मित्रों ने उन्हें रवि चौधरी नाम दिया। कुछ महीने पहले लगी दूसरी चोट ने उनके जीवन को फिर बदल दिया। अपने पैतृक गांव नाड़ी में आम के पेड़, संकीर्ण गलियां और सताऊं नामक जगह के एक घर के आंगन की पुरानी, धुंधली तस्वीरें उन्हें सपनों में दिखने लगीं। रिखी को एहसास हुआ कि वे सपने नहीं बल्कि यादें थीं। रिखी ने एक कॉलेज छात्र की मदद से सताऊं का पता लगाया और गूगल पर गावों को खोजते समय मिले एक फोन नंबर के माध्यम से रुद्र प्रकाश नामक व्यक्ति से संपर्क साधा।

### गुजरात में बीएलओ ने आत्महत्या की, 'सुसाइड नोट' में एसआईआर ड्यूटी के कारण मानसिक तनाव का जिक्र

**कोडीनार (गुजरात) :** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर (एसआईआर) के कार्य में लगे एक स्कूल शिक्षक, जो बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रूप में तैनात थे, ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिजनों का दावा है कि उन्होंने एक 'सुसाइड नोट' छोड़ा है, जिसमें मानसिक तनाव और कार्य के दबाव को आत्महत्या की वजह बताया गया।एक अधिकारी ने बताया कि शिक्षक अरविंद वढेर ने सुबह करीब साढ़े छह बजे कोडीनार तालुका के देवली गांव स्थित अपने घर में फांसी लगा ली। वढेर कोडीनार के छारा गांव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और हाल में उन्हें एसआईआर अभियान के लिए बीएलओ की ड्यूटी सौंपी गई थी।

## अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में बजी शहनाई, शेरोन ने अवनी संग रचायी शादी



**कोच्चि :** केरल के कोच्चि में एक निजी अस्पताल के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी रूम) में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। थुंबोली निवासी शेरोन सड़क दुर्घटना में घायल हुई और आपातकालीन कक्ष में भर्ती अपनी दुल्हन अवनी के साथ शादी के बंधन में बंध गए। अलप्पुझा के कोम्मादि की रहने वाली अवनी और थुंबोली निवासी वी एम शेरोन का विवाह कोच्चि स्थित वीपीएस लेकशोर अस्पताल में हुआ। अस्पताल के अनुसार, विवाह शुक्रवार दोपहर थुंबोली में होने वाला था। दुल्हन अवनी मेकअप के लिए कुमाराकोम जा रही थी कि वह एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। यह हादसा शुक्रवार सुबह हुआ। अवनी जिस कार से मेकअप कराने के लिए जा रही थी वह अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना के बाद, स्थानीय निवासियों ने घायल अवनी को तुरंत कोट्टायम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया लेकिन रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण उसे विशेष उपचार के लिए एर्नाकुलम के निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हादसे के तुरंत बाद, शेरोन और उसका परिवार भी जल्द ही अस्पताल पहुंच गया। विवाह का मुहूर्त दोपहर 12.15 बजे से 12.30 बजे के बीच था। इसलिए दोनों परिवारों ने अस्पताल प्रशासन से अपील की कि तय समय पर ही विवाह संपन्न कराया जाए। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने विवाह के लिए व्यवस्था करायी और डॉक्टरों, नर्सों तथा दोनों पक्षों के करीबी संबंधियों की मौजूदगी में शेरोन ने तय मुर्हूत में अवनी के साथ शादी रचायी।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिये 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया

**अहमदाबाद:** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने शुक्रवार को 2026 एएफसी अंडर 17 पुरूष एशियाई कप क्वालीफायर के लिये भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत का सामना 22 नवंबर को फलस्तीन से , 26 नवंबर को चीनी ताइपै, 28 नवंबर को लेबनान और 30 नवंबर को ईरान से होगा। ग्रुप के विजेता को अगले साल सउदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में जगह मिलेगी जो कतर में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

### अनाहत के सामने इंडियन ओपन स्क्वाश के फाइनल में जोशना की चुनौती

**इंदौर:** अनाहत सिंह 'डेली कॉलेज एसआरएफआई इंडियन ओपन' के अखिल भारतीय महिला फाइनल में शनिवार को यहां जोशना चिनप्पा से भिड़ेंगी। दिल्ली की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने पीएसए स्तर की इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां आयरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त हन्ना क्रेग को 11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4 से हराया, जबकि गैर-वरीयता प्राप्त अनुभवी जोशना ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नादियन एल्हम्मामी को 7-11, 11-5, 11-7, 11-7 से मात दी इससे पहले मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से हार गए। मिस्र के जकारिया ने बृहस्पतिवार को 11-7, 11-7, 11-6 से जीत हासिल की।

### फरवरी में शुरू हो सकता है टी20 विश्व कप

टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगले साल भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में टूर्नामेंट का आयोजन होना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात फरवरी से टूर्नामेंट की शुरुआत हो सकती है जिसका फाइनल मुकाबला आठ मार्च को खेला जा सकता है।

# स्पिन पहेली सुलझाने उतरेगा भारत, श्रृंखला बचाने की कड़ी चुनौती



**गुवाहाटी :** गुवाहाटी में शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्पिन के खिलाफ अपनी कमजोरियां दूर करने की होगी। पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों के सामने भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह संघर्षरत दिखे थे, जिससे टीम 1-0 से पीछे हो गई। अब श्रृंखला बराबर करने के लिए भारत को अधिक अनुशासित, स्पष्ट और साहसिक निर्णय लेने होंगे। शुभमन गिल की अनुपस्थिति ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। गर्दन में अकड़न के कारण वे दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं और शहर भी छोड़ चुके हैं। उनकी जगह साई सुदर्शन को मौका मिलने की संभावना मजबूत है। हालांकि वे तीसरे नंबर पर उतरेंगे या वाशिंगटन सुंदर को ही इस स्थान पर भेजा जाएगा, इस पर अंतिम फैसला मैच से पहले होगा। ऋषभ पंत पर कप्तानी का दबाव भी कम नहीं है। पहले टेस्ट में उनके कुछ फैसले आलोचना के घेरे में आए, खासकर तीसरे दिन तेज गेंदबाजों का देर से इस्तेमाल करना, जिसका भारत को बड़ा नुकसान हुआ। कोच गौतम गंभीर के चयन संबंधी निर्णय भी चर्चा में रहे हैं। टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका का ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर फिर से बड़ा खतरा बन सकते हैं, यदि पिच से उन्हें थोड़ी भी मदद मिलती है। क्यूरेटरों ने जिस तरह ट्रैक पर घास छोड़ रखी है, उससे संकेत मिलते हैं कि भारत तीसरे तेज गेंदबाज के साथ उतर सकता है। ऐसी स्थिति में अक्षर पटेल या कुलदीप यादव में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है और नीतीश कुमार रेड्डी टीम का हिस्सा बने रहेंगे। रेड्डी दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जो इस तरह की पिच पर उपयोगी साबित हो सकते हैं, भले ही गेंदबाजी से ज्यादा योगदान न दे पाएं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ऐतिहासिक क्लीन स्वीप की तैयारी में है। एजाज पटेल और मिशेल सैंटनर के बाद अब हार्मर एंड कंपनी ने भारतीय बल्लेबाजों के आत्मविश्वास को बुरी तरह झकझोर दिया है। स्पिन तकनीक की कमी भारतीय खिलाड़ियों पर मानसिक दबाव बढ़ा रही है, जो बल्लेबाजी में दिखाई भी दे रहा है। बारसापारा की लाल मिट्टी वाली पिच पर भारत के सामने यह सिर्फ मैच नहीं बल्कि आत्मविश्वास बचाने की जंग है।

### एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं, लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं: पंत

**गुवाहाटी:** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। वह भारत के 38वें टेस्ट कप्तान होंगे। पंत ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

## आडवाणी के शानदार खेल से भारत 'ए' क्वार्टर फाइनल में, भारत 'बी' बाहर



**मस्कट:** पूर्व चैंपियन भारत 'ए' ने शुक्रवार को स्नूकर विश्व कप के लीग चरण में लगातार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पंकज आडवाणी के शानदार खेल से टीम ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अफगानिस्तान पर एक समान 3-0 की जीत दर्ज की। इन दोनों जीत से भारत 'ए' ग्रुप 'एफ' में शीर्ष पर रहा। भारत 'ए' के सामने शनिवार को खेले जाने वाले अंतिम आठ चरण के मैच में फ्रांस और इंडोनेशिया के बीच होने वाले मैच के विजेता की चुनौती होगी। बृजेश दमानी ने पहले राउंड में मोहम्मद शहाब को 64-1 से हराकर भारत 'ए' को यूएई के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। आडवाणी ने इसके बाद 86 के ब्रेक के साथ खालिद कमाली पर 102-35 से जीत दर्ज की। उन्होंने फिर आदित्य मेहता के साथ मिलकर 53 के ब्रेक के साथ भारत की जीत पर मुहर लगा दी। भारत 'ए' ने इससे बृहस्पतिवार रात को अफगानिस्तान को शिकस्त दी थी। भारत 'बी' की टीम इस बीच ओमान 'सी' पर 3-0 की सांत्वना जीत दर्ज कर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।

## राइजिंग एशिया कप सेमीफाइनल में सुपर ओवर में बांग्लादेश ए से हारा भारत ए

**दोहा:** दोहा में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ए को बांग्लादेश ए के हाथों सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में भारत ए का बल्ले और गेंद दोनों से प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। बांग्लादेश ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 194 रन बनाए। जवाब में भारत ए ने भी उतने ही रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक पहुंचाया। सुपर ओवर में भारत ए ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए कप्तान जितेश शर्मा, आशुतोष शर्मा और रमनदीप सिंह को उतारा, जबकि फॉर्म में चल रहे वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य को बाहर रखा गया। तेज गेंदबाज रिपोन मंडल ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत के दोनों बल्लेबाजों को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। बांग्लादेश ने भी पहली ही गेंद पर यासिर अली का विकेट गंवाया, लेकिन सुयश शर्मा की वाइड गेंद ने मैच का फैसला बांग्लादेश के पक्ष में कर दिया। इससे पहले सूर्यवंशी (38 रन, 15 गेंद) और आर्य (44 रन, 23 गेंद) ने तेजतर्रार शुरुआत दी और भारत के 50 रन 19 गेंद में ही पूरे हुए। लेकिन उनके आउट होते ही रनगति पर ब्रेक लग गया। जितेश शर्मा (33) और नेहाल वढेरा (नाबाद 32) ने बीच में साझेदारी की, लेकिन अंतिम ओवरों में कोई भी बल्लेबाज बड़ा प्रहार नहीं कर सका।

## पूरा यकीन है कि भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलेगी : आईओए प्रमुख उषा



**नयी दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा को पूरा यकीन है कि भारत को 26 नवंबर को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिल जायेगी। उन्होंने शुक्रवार को कहा ,'' हम कल ग्लास्गो रवाना हो रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि लोगों की उम्मीदें पूरी होंगी। दो तीन दिन इंतजार कर लें।'' पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। ग्लास्गो में होने वाली बैठक में अंतिम मंजूरी मिलेगी। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में है। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में सौ साल भी पूरे होने जा रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने भविष्य में मेजबानी की संभावना के लिये नाइजीरिया के साथ काम करने पर भी सहमति जताई जिसमें 2034 खेलों की मेजबानी की संभावित दा-वेदारी शामिल है। उषा को भारतीय खेलों में आजीवन योगदान के लिये शुक्रवार को यहां 15वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन ''फिक्की टर्फ 2025' के दौरान फिक्की आजीवन योगदान पुरस्कार भी दिया गया। उषा ने कहा ,'' मुझे इस पुरस्कार को पाने की बहुत खुशी है। मुझे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की उम्मीद नहीं थी। भारतीय खेल तभी आगे बढ़ेंगे जब हम मिलकर आगे बढ़ेंगे।देश के कोने कोने में प्रतिभायें हैं लेकिन मौके हर बच्चे तक पहुंचने चाहिये। हम यह मार्ग प्रशस्त करके मजबूत तंत्र बनाना चाहते हैं जिसमें निष्पक्ष चयन हो और विज्ञान, खुराक , मानसिक मजबूती जैसे हर पहलू में मदद मिले।'

## मंधाना ने संगीतकार पलाश मुछाल के साथ सगाई की पुष्टि की, मोदी ने शुभकामनाएं दी



**नयी दिल्ली:** विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुछाल के साथ अपनी सगाई की घोषणा कर दी है जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस आक्रामक बल्लेबाज का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह भारतीय टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयांका पाटिल और अरुंधति रेड्डी के साथ बॉलीवुड की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गीत 'समझो हो ही गया' पर नृत्य कर रही हैं। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी सगाई की अंगूठी को भी दिखा रही हैं। जेमिमा ने यह क्लिप इंस्टाग्राम पर साझा की है जिसे अभी तक 19 लाख से ज़्यादा लाइक्स और 12,000 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। मंधाना और मुछाल 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। प्रधानमंत्री ने दम्पति को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंधाना की कवर ड्राइव की सुंदरता मुछाल की 'मधुर संगीतमय सिम्फनी' के साथ एक अद्भुत साझेदारी बनाएगी। उन्होंने लिखा, ''जीवन के हर मोड़ पर हाथ में हाथ डालकर चलते हुए, इस जोड़े को एक-दूसरे की मौजूदगी में शक्ति मिले और उनके दिल, दिमाग और आत्मा में सामंजस्य हो। उनके सपने आपस में गुंथें और साथ-साथ बढ़ें तथा उन्हें खुशी और गहरी समझ से भरे भविष्य की की तरफ ले जाएं।'

### अमेरिका के क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का आरोप

**दुबई:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका के क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर शुक्रवार को अबू धाबी टी10 2025 से संबंधित भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तीन उल्लंघनों का आरोप लगाया। यह 25 साल के ऑफ स्पिनर लीग में यूपी नवाब का प्रतिनिधित्व कर रहा था। उन्हें तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। रेड्डी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिन (21 नवंबर से) का समय है। रेड्डी पर अनुच्छेद 2.1.1 (एडीटी10 2025 में मैचों के परिणाम, प्रगति, आचरण या किसी अन्य पहलू को फिक्स करने, षड्यंत्र रचने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने का प्रयास); अनुच्छेद 2.1.4 (अनुच्छेद 2.1.1 का उल्लंघन करने के लिए किसी अन्य प्रतिभागी को उकसाना, प्रेरित करना या प्रोत्साहित करना); और अनुच्छेद 2.4.7 के तहत मोबाइल से डेटा और संदेशों को हटाकर जांच में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है।



## भारत ने चीन की कंपनियों के पॉलिएस्टर धागे की कथित डंपिंग करने के खिलाफ जांच शुरू की



**नयी दिल्ली:** भारत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित दो घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद देश में चीन की कंपनियों के 'पॉलिएस्टर टेक्सचर्ड' धागे की कथित डंपिंग करने के खिलाफ जांच शुरू की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कहा कि रिलायंस और वेलनोउन पॉलिएस्टर ने अपने आवेदनों में दावा किया है कि चीन से इन धागों के सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है और इसलिए उन्होंने सरकार से डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। डीजीटीआर ने कहा कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विधिवत प्रमाणित लिखित आवेदनों के आधार पर तथा उत्पादों की डंपिंग के संबंध में आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद 'प्राधिकरण डंपिंग रोधी'' जांच शुरू करता है। यदि यह साबित हो जाता है कि इन डंपिंग ने घरेलू उत्पादकों को वास्तविक नुकसान पहुंचाया है तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इन शुल्कों को लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। देश डंपिंग रोधी जांच यह निर्धारित करने के लिए करते हैं कि क्या सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है। एक प्रतिकार उपाय के रूप में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इस शुल्क का उद्देश्य निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों तथा विदेशी उत्पादकों व निर्यातकों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है।

# बाढ़, जंगली जानवरों से फसल नुकसान अब पीएम फसल बीमा योजना के दायरे में: चौहान



**नागपुर:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि जलभराव और जंगली जान-वरों से फसल के नुकसान का मुआवजा अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत मिलेगा। नागपुर में 'एग्रोविजन इवेंट' में एक सभा को संबोधित करते हुए, चौहान ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में अनाज का उत्पादन छह प्रतिशत बढ़ाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि पिछले 10-11 सालों में कुल उत्पादन 44 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'जलवायु परिवर्तन के इस दौर में, कोई यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि कब बारिश होगी या कब सूखा पड़ सकता है। इस साल, बारिश लगभग पांच से छह महीने तक चली, और सितंबर में आई बाढ़ ने कई किसानों की फसलें बर्बाद कर दीं।' उन्होंने कहा, ''मैं किसानों को अच्छी खबर देना चाहता हूं... पीएमएफबीवाई, जो फसल के नुकसान के लिए जोखिम से सुरक्षा और मुआवजा देती है, के दायरे में अब बाढ़ और जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान को भी शामिल किया जाएगा।' चौहान ने कहा कि महाराष्ट्र के किसान लंबे समय से ऐसे प्रावधान नहीं होने की शिकायत कर रहे थे, और अब इस योजना के तहत इन नुकसानों की भरपाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत खेती के एक नए दौर में जा रहा है - विचार से नवाचार की ओर, मशीनीकरण से विविधीकरण की ओर, एकीकरण से सिंचाई की ओर और उपग्रह से ड्रोन की ओर बढ़ रहा है। कृषि मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सिंचाई में स्वचालन, मंडियों के आधुनिकीकरण और खेतों के विविधीकरण जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है।' संतरे की पैदावार के लिए अच्छी गुणवत्ता के बीजों और पौधों के महत्व पर जोर देते हुए, चौहान ने कहा कि कृषि मंत्रालय 70 करोड़ रुपये के बजट से नागपुर में संतरे के लिए एक 'क्लीन प्लांट सेंटर' बनाएगा। यह केंद्र संतरे उगाने वालों को अच्छी गुणवत्ता के पौधे देगा। उन्होंने कहा, 'पहचानी गई नर्सरी को वित्तीय और प्रौद्योगिकी के स्तर पर मदद मिलेगी - बड़ी नर्सरी के लिए चार करोड़ रुपये और मध्यम एवं छोटी नर्सरी के लिए दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे।' चौहान ने यह भी कहा कि सरकार ने जीन स्तर पर संसाधित (जीनोम एडिटिंग) तरीकों का इस्तेमाल करके दो तरह के अनाज सफलतापूर्वक उगाए हैं।

## न्यूज अपडेट

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी तेजी आने के कारण मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा था। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 15.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.33 अरब डॉलर उछलकर 106.86 अरब डॉलर हो गया।

### सैमसंग ने तमिलनाडु में शुरू किया 'डिजिअरिवु', डिजिटल और स्टेम शिक्षा को बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने तमिलनाडु में डिजिटल और स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) शिक्षा को मजबूत करने के लिए 'डिजिअरिवु - एम्पॉवरिंग स्टूडेंट्स थ्रू टेक' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह पहल यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया के सहयोग से की गई है। पहले चरण में कांचीपुरम और रणिपेट जिलों के 10 सरकारी स्कूलों के 3,000 से अधिक छात्रों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कोट्टूरपुरम स्थित अन्ना सेंचुरी लाइब्रेरी में हुआ। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. अन्बिल महेश पोय्यामोझी और जिले के अधिकारी उपस्थित थे। सैमसंग चेन्नई प्लांट के प्रबंध निदेशक एस.एच. यून ने बताया कि यह पहल छात्रों को भविष्य-उन्मुख कौशल विकसित करने और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी। यूएन जीसीएनआई के रत्नेश झा ने कहा कि 'डिजिअरिवु' उद्योग और समाज के साझा प्रयास का उदाहरण है, जो तमिलनाडु के सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

### पूर्वोत्तर में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए 3,000 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर



**गुवाहाटी:** भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने पूर्वोत्तर में क्षेत्र के विकास और औद्योगिक पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न संबद्ध पक्षों के साथ 3,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि हाल ही में मुंबई में हुए भारत समुद्री सप्ताह 2025 के दौरान समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समीक्षा बैठक के दौरान मंत्रालय और आईडब्ल्यूएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में जारीपरियोजनाओं की समीक्षा की। इसमें केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) के तहत आने वाली परियोजनाएं भी शामिल थीं। समीक्षा बैठक में 15 मुख्य विकासाधीन परियोजनाओं और सीएसएस की 10 परियोजन-ाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें मिजोरम में तीन, नगालैंड और त्रिपुरा में दो-दो और अरुणाचल प्रदेश तथा असम में एक-एक परियोजना शामिल हैं।

## शेयर बाजार में जारी तेजी थमी; सेंसेक्स 400 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स 400 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 124 अंक टूटा। कारोबारियों के अनुसार, कमजोर वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.84 अंक तक फिसल गया था। पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी 124 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,068.15 पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में यह एक प्रतिशत यानी 282 अंक से अधिक चढ़कर 26,000 के पार पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इटर्नल के शेयर में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और आईटीसी शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि वेतन आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है। इससे वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। एआई से संबंधित शेयरों में जरूरत से अधिक तेजी को लेकर चिंता ने भी वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। एशिया के अन्य बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में 3.79 प्रतिशत, चीन के एसएसई कम्पोजिट में 2.45 प्रतिशत, जापान के निक्की 225 में 2.40 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 2.38 प्रतिशत की गिरावट आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर तक गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नुकसान में बंद हुए थे।

## भारत के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा: इजराइल के मंत्री बरकत



**तेल अवीव:** इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत ने कहा कि इजराइल और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों के उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर खुलेंगे और द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश के प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए 20 नवंबर को यहां संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं। बरकत ने कहा कि दोनों देशों ने एफटीए वार्ता में संवेदनशील क्षेत्रों को शामिल नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के अपार अवसर मौजूद हैं। हम व्यापार में भारी वृद्धि देखने जा रहे हैं।' बरकत ने कहा कि कई इजराइली कंपनियां भारत में अपनी अनुषंगी कंपनियां खोलने में रुचि रखती हैं, जो उनके लिए एशिया के प्रवेश द्वार का काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ''लोग अब समझ रहे हैं कि (भारत में) बड़े अवसर मौजूद हैं क्योंकि भारत अब बीत चुके कल वाला भारत नहीं है।' इजराइल के मंत्री ने कहा कि भारत चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। टीओआर के तत्वों में शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को समाप्त करके वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, निवेश सुगमता, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं का सरलीकरण, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए सहयोग बढ़ाना और सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाना शामिल है।

## अफगानिस्तान ने भारतीय कंपनियों से निवेश का किया आह्वान, अनुकूल माहौल देने का वादा



**नयी दिल्ली:** अफगानिस्तान के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने भारतीय कंपनियों को उनके देश में निवेश के लिए शुक्रवार को आमंत्रित किया और द्विपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल देने का वादा किया। उन्होंने खनन, कृषि, स्वास्थ्य एवं औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा तथा वस्त्र उद्योग का ऐसे क्षेत्रों के रूप में उल्लेख किया जहां व्यावसायिक भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं। अजीजी एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ देश की पांच दिवसीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे हैं। अफगानिस्तान के मंत्री ने कहा, 'मैं भारतीय उद्योगपतियों और व्यापारियों को अफगानिस्तान की क्षमता और वर्तमान अनुकूल वातावरण को देखने के लिए आमंत्रित करना चाहूंगा, जो हमने उनके एवं अन्य व्यापारियों के लिए तैयार किया है। खनन उद्योग, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य और आईटी में अवसरों का पता लगाने के लिए यह एक बेहद अच्छा मौका होगा।

### भारत के यूपीआई, यूरोपीय संघ के टीआईपीएस को जोड़ने पर काम जारी: आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि यूपीआई को यूरोसिस्टम के टीआईपीएस (टार्गेट इंस्टेंट पेमेंट सटेलमेंट) से जोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वह सीमा-पार धन प्रेषण को व्यावहारिक रूप से शुरू करने के लिए यूरोपियन सेंट्रल बैंक के साथ मिलकर काम करता रहेगा। आरबीआई तथा एनपीसीपीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) यूरोसिस्टम द्वारा संचालित तत्काल भुगतान प्रणाली टीआईपीएस से यूपीआई को जोड़ने के इस प्रयास पर यूरोपियन सेंट्रल बैंक के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3417 अंक 227, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in